आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!!

वर्ष-11 । अंक 73 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर
रविवार, 16 मार्च, 2025





## घूंघट में महिलाओं ने बलदेव के सखाओं को पीटा

# मथुरा में कोड़ा मार होली

**एजेंसी ● मथुरा**

मथुरा में दूसरे दिन भी होली खेली गई। जहां मथुरा में कोड़ा मार होली हुई, वहीं प्रयागराज में कपड़ा फाड़ होली ने धमाल मचाया। मथुरा के बलदेव गांव में घूंघट में महिलाएं पहले बलदेव के सखा के कपड़े फाड़ती हैं। फिर उसी कपड़े का कोड़ा बनाकर उनको मारती हैं। इस अनोखी होली को देखने के लिए एक लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे। कोड़ा मार होली बलदेव मंदिर परिसर में ही होती है। मुख्यालय से इसकी दूरी करीब 45 किमी है। इसमें गांव के पुरोहित परिवार के लोग शामिल होते हैं। मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने एक महीने तक जगह-जगह होली खेली थी। इस दौरान मां यशोदा ने बड़े भाई बलदेव को उनकी देखरेख के लिए साथ भेजा था। लगातार होली देखने के बाद बलदेव का भी मन होली खेलने के लिए होता है। वह भी खोली खेलते हैं। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। यह जेठ और बहू के बीच की होली होती है।

### भाषा विवाद में अब पवन कल्याण भी कूद पड़े, कहा-

# तमिलनाडु के नेता पाखंडी फिल्में डब क्यों कराते हैं

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

केंद्र और तमिलनाडु के बीच चल रहे भाषा विवाद में अब आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण भी कूद पड़े हैं। डिप्टी सीएम ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने के लिए हमें एक या दो नहीं बल्कि बहुत सारी भाषाओं को संरक्षित करने की जरूरत है। इससे भारतीय लोगों के बीच में न केवल प्रेम बढ़ेगा बल्कि और भी ज्यादा एकता और समावेशिता दिखाई देगी। पवन कल्याण के इस बयान पर अभिनेता प्रकाश राज भड़क गए हैं और उन्होंने किसी को उन्हें समझाने की सलाह दी है।

**विवाद**

कल्याण जिले के पीथापुरम शहर में जनसेना पार्टी के 12वें स्थापना दिवस समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कल्याण ने कहा, "भारत को तमिल समेत कई भाषाओं की जरूरत है न कि सिर्फ दो की। हमें भाषाई विविधता को अपनाना चाहिए। यह देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए जरूरी है।* एनडीएके सहयोगी कल्याण की यह टिप्पणी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के आरोपों के बीच आई है। स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में तीन भाषा अपनाने से इनकार करते हुए केंद्र पर हिंदी को थोपने का आरोप लगाया था। कल्याण ने डीएमके का नाम लिए बिना तमिलनाडु के नेताओं पर पाखंड करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "वे हिन्दी का विरोध करते हैं लेकिन पैसे कमाने के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति दे देते हैं। मुझे समझ में नहीं आता कि आखिर ऐसा क्यों हैं? वे बॉलीवुड से पैसा तो चाहते हैं लेकिन हिंदी को स्वीकार करने से इनकार करते हैं आखिर यह किस तरह का तर्क है?





### अन्नामलाई ने डीएमके पर लगाया आरोप

अन्नामलाई ने डीएमके पर दोहरे मापदंड का अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि डीएमके के कई नेता ऐसे हैं जिनके द्वारा स्कूलों का संचालन किया जाता है और वहां पर हिंदी पढ़ाई जाती है। लेकिन वह सरकारी स्कूलों के बच्चों को तीसरी भाषा नहीं सीखने देना चाहते। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु स्वैच्छिक रुप से अपनाई गई तीसरी भाषा को सीखने के लिए तैयार है केवल डीएमके ऐसा नहीं चाहती।

### अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपो : प्रकाश राज

आंध्र प्रदेश के डिप्टी चीफ मिनिस्टर पवन कल्याण के हिंदी भाषा को लेकर कमेंट पर प्रकाश राज ने नाराजगी जताई है। प्रकाश राज ने कल्याण की आलोचना की और उन पर दूसरों पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। प्रकाश ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आप अपनी हिंदी भाषा हम पर ना थोपें। ऐसा नहीं है कि दूसरी भाषा से नफरत करनी है, बस ऐसा है कि आपको अपनी मातृभाषा को प्रोटेक्ट करना होता है और हमारी कल्चर आइडेंटिटि को भी सेल्फ रिस्पेक्ट के साथ। कोई प्लीज इसे पवन कल्याण गुरु को समझाएं।

### राज्य के लोग नहीं चाहते कि कोई भी भाषा उन पर थोपी जाए

इससे पहले शुक्रवार को तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नमलाई ने तीन भाषा नीति पर पार्वे के रुख को दोहराते हुए कहा राज्य के लोग नहीं चाहते कि कोई भी भाषा उन पर थोपी जाए लेकिन वह स्वेच्छा से तीसरी भाषा को सीखने के लिए तैयार हैं। अन्नामलाई ने कहा,"हम लगातार इस बात को कह रहे हैं कि तीसरी भाषा की जरुरत है। 14 लाख से ज्यादा लोगों ने इस बात के लिए हस्ताक्षर किए हैं। मुद्दा बस यह है कि तमिलनाडु के लोग किसी अनिवार्य तीसरी भाषा को नहीं चाहते हैं, जो कि उन पर थोपी जाए। कांग्रेस ने 1965 में यही किया था तब भी इसका विरोध हुआ था।

### अमृतसर मंदिर ब्लास्ट में पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी

# बब्बर खालसा के तीन आतंकी गिरफ्तार, नेपाल भागने से पहले बिहार से दबोचा

**एजेंसी ● अमृतसर**

शुक्रवार देर रात पंजाब के अमृतसर स्थित खंड वाला इलाके में मंदिर ठाकुरद्वारा पर ग्रेनेड हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। हालांकि जिन आरोपियों ने हमला किया था, वह अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, लेकिन पकड़े गए आरोपी उन्हीं के साथ जुड़े हुए हैं। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने शनिवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है।



### मधेपुरा से पकड़े गए आरोपी

इन आरोपियों को पुलिस ने बिहार के मधेपुरा जिले से पकड़ा है। तीनों आरोपी अमृतसर के ही रहने वाले हैं और उनके नाम करणवीर यादव (21),मुकेश कुमार यादव (29) और साजन सिंह (24) है। ये तीनों आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल लिए काम करते हैं। इन्हीं आरोपियों ने गत रात मंदिर ठाकुरद्वारा पर हमले के लिए ग्रेनेड मुहैया करवाए थे। ये सभी नेपाल भागने की फिराक में थे।

### तीन फोन और नेपाली करेंसी बरामद

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से तीन मोबाइल फोन और नेपाली करेंसी नोट जब्त किए गए हैं। यह घटनाक्रम जांच और जोबन सिंह और गुरबख्श सिंह की गिरफ्तारी में आगे-पीछे की कड़ी की निरंतर जांच के बाद सामने आया है। इन दोनों के पास से 290 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है।

### तीनों को लाया जा रहा पंजाब

डीजीपी यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी पाकिस्तान स्थित बीकेआई के सरगना हरविंदर रिंदा के निर्देशों पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीनों को आगे की पूछताछ के लिए रविवार सुबह तक पंजाब वापस लाया जा रहा है। करनदीप यादव ने इस साल जनवरी में तरनतारन से बरामद ग्रेनेड और हथियार पहुंचाए थे। तरनतारन पुलिस ने चार गुर्गों- रॉबिनजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, नवजोत सिंह और जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से दो हथगोले और एक पिस्तौल बरामद की थी।

# वोटर आईडी भी आधार से लिंक करने की तैयारी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

चुनावी पारदर्शिता बढ़ाने के मकसद से अब वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। पैन कार्ड की तरह अब मतदाता पहचान पत्र (EPIC) को भी आधार से जोड़ने की योजना पर चुनाव आयोग गंभीरता से काम कर रहा है। इस सिलसिले में अगले हफ्ते चुनाव आयोग की अहम बैठक होने जा रही है, जिसमें गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। इस पहल का मकसद फर्जी और डुप्लीकेट वोटर्स को चिन्हित कर मतदाता सूची को और साफ-सुथरा बनाना है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन के बाद चुनाव आयोग ने मतदाताओं से स्वेच्छा से आधार नंबर एकत्र करने शुरू किए थे। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने आधार और मतदाता पहचान पत्र की डेटाबेस को लिंक नहीं किया है। यह प्रक्रिया इसलिए लाई गई थी ताकि डुप्लीकेट वोटर पंजीकरण की पहचान कर मतदाता सूची को शुद्ध किया जा सके, मगर आधार को लिंक कराना अनिवार्य नहीं किया गया।




मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और चुनाव आयुक्त विवेक जोशी इस मसले पर 18 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि और यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार से मुलाकात करेंगे। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में एक ही EPIC नंबर वाले मतदाताओं का मुद्दा उठाया है। इस पर चुनाव आयोग ने माना है कि कुछ राज्यों में गलत अल्फान्यूमेरिक सीरीज के कारण एक ही नंबर दोबारा जारी कर दिए गए थे।

चुनाव आयोग ने हाल ही में घोषणा की थी कि जिन मतदाताओं को डुप्लीकेट EPIC नंबर जारी हुए हैं, उन्हें अगले तीन महीनों के भीतर नए नंबर दिए जाएंगे। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि एक ही EPIC नंबर होने का मतलब यह नहीं कि मतदाता फर्जी हैं, बल्कि कोई भी मतदाता सिर्फ उसी निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाल सकता है जहां वह पंजीकृत है।

## टीआई और एसीपी की वर्दी फाड़ी, पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

# वकील पिता-पुत्रों पर FIR से बवाल वकीलों ने कर दिया चक्काजाम

संवाददाता ● इंदौर

**चक्काजाम**

परदेशीपुरा पुलिस द्वारा मारपीट के केस में वकील अरविंद जैन और उनके दोनों वकील पुत्र अर्जुन और अर्पित जैन के खिलाफ केस दर्ज के बाद इंदौर में बवाल हो गया। पहले वकील जमा होकर परदेशीपुरा थाने पहुंचे, लेकिन मामले में पुलिस ने अपनी कार्रवाई को सही बताया। वहीं एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि परदेशीपुरा थाने में पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप लगे हैं। प्रारंभिक जांच के बाद पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इसके बाद नाराज वकील हाईकोर्ट चौराहे पर पहुंचे और चक्काजाम किया। जाम से वाहन चालक परेशान हुए। कुछ वीडियो में जाम करने वाले लोग वाहन चालकों को पीटते हुए दिखे। मौके पर टीआई तुकोगंज जितेंद्र यादव और एसीपी विनोद दीक्षित पहुंचे। इसी दौरान कुछ वकीलों ने आरोप लगाए कि टीआई साहब शराब पीकर ड्यूटी पर आए हैं। इसी दौरान भीड़ से झूमाझटकी शुरू हो गई। इस पर टीआई थाने की ओर भागे, पीछे भीड़ भागी। उनके साथ झूमाझटकी हुई, वर्दी खींची गई। एसीपी विनोद दीक्षित के भी बीच बचाव करने पर झूमाझटकी हुई और उनकी वर्दी के भी स्टार लगी पट्टी उखड गई।



**टीआई जितेंद्र यादव ने शराब पी**

वकीलों ने आरोप लगाया है कि टीआई जितेंद्र यादव ने शराब पी हुई थी। उनकी पुलिस गाड़ी में शराब की बोतल थी। वहीं एक फोटो में उनकी गाड़ी के ऊपर बियर की कैन रखी हुई दिख रही है। वकीलों से जब वह बात कर रहे थे, तभी वकीलों को उनके मुंह से शराब का भभका आ गया। इसके बाद वह गाड़ी तलाशने लगे, इसमें शराब की बोतल दिखने की बात कही। इस विवाद से घबराकर टीआई यादव थाने की ओर भागे, लेकिन वकीलों ने पकड़ लिया। इस झूमाझटकी में उनकी वर्दे भी फट गई। इस मामले में जहां पहले पुलिस सख्त थी और केस दर्ज करने के मामले में खुद को सही बता रही थी, वहीं अब टीआई साहब की शराब ने खाकी पर धब्बा लगा दिया।

### पिता-पुत्रों पर पहले भी केस

वहीं पुलिस के रिकार्ड के अनुसार जैन पिता और पुत्र पर यह पहला केस नहीं है। उनके पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड सामने आए हैं। अरविंद जैन पर एमजी रोड थाने पर अपराध क्रमांक 229/18, 359/19, परदेशीपुरा में 670/2008 और आष्टा जिला सीहोर में 123/24 में केस दर्ज है, इसमें मारपीट, जान से मारने की धमकी जैसी धाराएं हैं। अपूर्व जैन भी अपराध क्रमांक 229/18, 359/2019 में आरोपी है। साथ ही उन पर परदेशीपुरा थाने में 159/2015 केस दर्ज है। वहीं अर्पित जैन के खिलाफ भी आष्टा जिला सीहोर में अपराध क्रमांक 123/2004 केस और एमजी रोड पर 359/2019 केस दर्ज हुआ है।

### यह है विवाद

परदेशीपुरा थाने पर 15 मार्च की रात सवा बजे वकील अरविंद जैन, अर्पित और अपूर्व जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 127(1), 115(2), 117(2), 298, 351 (3), 324 (4) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया। आवेदन प्रार्थी राजू उर्फ कालू गौड़ उम्र 50 साल ने एक आवेदन थाने में दिया गया। इनकी मेडिकल रिपोर्ट भी कराई गई। इसमें राजू गौड़ के बाएं हाथ की अंगुली में फ्रैक्चर था। इस पर आरोपी अरविंद, अर्पित और अपूर्व के खिलाफ 127(1), 115(2), 117(2) वन अन्य धारा में केस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। राजू ने बताया कि वह 14 मार्च होली के दिन सुबह 10.50 बजे जा रहा था तभी उस्ताद चौराहा से सफेद मंदिर के बीच जैन मंदिर के पास अरविंद जैन का मकान पड़ता है। वहां दो बच्चे रंग खेल रहे थे, उन्होंने मेरे ऊपर कलर पाउडर डाला जो मेरी आंख में लगने से मैंने एक्टिवा रोककर उन्हें बोला कि देखकर होली खेलो।

## शॉट न्यूज

### वक्त आने पर बुलडोजर भी चलेगा, चिंता मत करो

**इंदौर**। महू उपद्रव को लेकर अब उपद्रवियों के यहां बुलडोजर चलाने की मांग उठने लगी है। पूर्व मंत्री और महू विधायक उषा ठाकुर इस संबंध में पहले ही मांग कर चुकी है। वहीं अब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुलडोजर चलने की बात पर कुछ ऐसा बोला कि फिर से इस संबंध में हलचल पैदा हो गई है। एक कार्यक्रम के सिलसिले में मंत्री विजयवर्गीय (जो महू में दो बार विधायक रह चुके हैं) शनिवार 15 मार्च को महू पहुंचे थे। इस दौरान उनसे जब पूछा गया कि यूपी में बुलडोजर चल रहे हैं, अब यहां भी मांग उठ रही है तो यहां कब बुलडोजर चलेगा। इस पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि- वक्त आएगा तो चलेगा, चिंता मत करो। विजयवर्गीय से जब महू उपद्रव में कार्रवाई का पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सख्त से सख्त कार्रवाई होगी, सरकार इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी।

### खदान में नहाने के दौरान युवक डूबा

**इंदौर**। होली की छुट्टी पर पिकनिक मनाने गए तीन युवक हादसे का शिकार हो गए। दो पानी में डूब गए तो तीसरे की सडक़ हादसे में मौत हो गई। तीनों के शव जिला और एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। हर साल त्योहारों पर ऐसे हादसे हो रहे हैं और पर्यटकों की जान जा रही है। होली मनाने के बाद युवक खदान में नहाने के लिए गए थे और गहरे पानी में जाने से एक युवक डूब गया। चंदन नगर पुलिस ने बताया कि 20 वर्षीय भोला पिता भीम ने कल साथियों के साथ होली खेली। इसके बाद सभी साथी नहाने के लिए जवाहर टेकरी पर ही एक खदान में पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि भोला ज्यादा गहराई में चला गया और डूब गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन जब उसे पानी से निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### मेंदोला ने 1 करोड़ 5 लाख की समर्पण निधि का चेक अभियान प्रभारी को सौंपा

इंदौर। भाजपा कार्यालय इंदौर पर समर्पण निधि अभियान के तहत इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 की ओर से विधायक रमेश मेंदोला ने 1 करोड़ 5 लाख रुपए की समर्पण निधि राशि का चेक अभियान प्रभारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव व नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को प्रदान किया। इस मौके पर संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, सांसद शंकर लालवानी,विधायक महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, गोलू शुक्ला, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौड़, पूर्व पार्षद भारत देशमुख सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का यह समर्पण हमारे संगठन की एकजुटता और राष्ट्रहित की भावना को और सशक्त करेगा। विधायक मेंदोला ने कहा कि समर्पण निधि के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने संगठन व राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा प्रकट की।

# युवाओं को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाने की पहल

## ब्रह्माकुमारीज की राष्ट्रीय मीटिंग में 100 से ज्यादा सदस्य जुटे



संवाददाता ● इंदौर

**मीटिंग**

इंदौर के न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के युवा प्रभाग की दो दिवसीय राष्ट्रीय मीटिंग शनिवार को शुरू हो गई है। इस मीटिंग में देशभर से करीब 100 सदस्य शामिल हुए हैं। युवा प्रभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। इसमें युवाओं को आध्यात्म से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया कि रविवार शाम 6 बजे "इंटरनेट से इनर नेट" विषय पर कार्यक्रम होगा। इसमें डीसीपी हंसराज सिंह, कस्टम विभाग के अपर आयुक्त दिनेश बिसेन, रेनेसा यूनिवर्सिटी के चांसलर स्वप्निल कोठारी और भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सौगात मिश्रा मौजूद रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय माइंड ट्रेनर ब्रह्माकुमार शक्तिराज सिंह मुख्य वक्ता होंगे। इससे पहले शाम 4 बजे "स्पिरिचुअल कैफे" में राउंड टेबल वर्कशॉप होगी। इसमें युवा "भावनात्मक स्थिरता आध्यात्मिक के द्वारा" विषय पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में छात्र और कामकाजी युवा हिस्सा लेंगे।

# ज्योतिष महाकुंभ : 250 विद्वान जुटेंगे

### 16 मार्च को होगा 25वां रजत विद्वत् अलंकरण सम्मान समारोह

संवाददाता ● इंदौर

अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु संगठन और आलोक ज्योतिष वास्तु विद्या शोध केंद्र की ओर से 16 मार्च को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विट्ठल रुक्मिणी परिसर में होने वाले इस ज्योतिष महाकुंभ में देश-विदेश से 250 विद्वान शामिल होंगे। र्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेंद्र महंत होंगे। विशेष अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर प्रेमानंदजी महाराज और दिलीप राजपाल मौजूद रहेंगे।



समारोह में पुष्प द्वारा फाग उत्सव और आध्यात्मिक नृत्य का आयोजन किया जाएगा। महाकुंभ प्रभारी श्रीराम पांचाल और मीडिया प्रभारी ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि कार्यक्रम में नीतू मित्तल, कृपाशंकर उपाध्याय, विनोद शास्त्री, संजय शर्मा और सुरेश जोशी विशेष उद्बोधन देंगे। इस एक दिवसीय महाकुंभ में कई राज्यों से आए विद्वानों को विभिन्न अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। पंडाल पूजन के अवसर पर पंडित पंकज शर्मा पाटनवाले ने कुंडली में मंगल दोष पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंगल दोष होने पर विवाह रिश्ते स्वयं नहीं नकारने चाहिए। कई कुंडलियों में मांगलिक होने पर भी ग्रह का परिहार हो जाता है।

### गोदाम में रखे 300 कूलर, चार से ज्यादा दमकल पहुंचीं

# जीएनटी मार्केट में लगी आग, कई किमी दूर तक नजर आया धुआं



संवाददाता ● इंदौर

**हादसा**

जीएनटी मार्केट में शनिवार को आग लग गई। इसका धुआं काफी दूर तक नजर आया। आग कूलर बनाने की रॉयल कूलर कंपनी और कविराज मेटल इंडस्ट्रीज में लगी थी। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सहित कई टैंकर मौके पर पहुंच गए। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए। रॉयल कूलर में करीब तीन सौ से ज्यादा प्लास्टिक के कूलर रखे थे। आग सबसे पहले यही लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की चार से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

#### अफरा-तफरी का माहौल

आग लगने के साथ ही आसपास के घरों के लोग घरों से बाहर आ गए। घटना से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने गैस की टंकियां भी घरों के बाहर निकाल कर रख दी थी। वहीं, घटना स्थल के आसपास भी लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

#### महापौर- पार्षद भी पहुंचे

आग की घटना की जानकारी मिलने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पार्षद भारत सिंह रघुवंशी भी मौके पर पहुंचे थे। नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के लिए कई टैंकर भी लगाए गए।

# साईं महोत्सव में निकली भव्य पालकी यात्रा

### सिंधी कॉलोनी में श्रद्धालुओं ने किया स्वागत, 5 अप्रैल तक रोज निकलेगी

संवाददाता ● इंदौर

**यात्रा**

इंदौर में श्री साईं बाबा महोत्सव के अवसर पर केंद्रीय साईं सेवा समिति के तत्वाधान में भव्य पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा 13 मार्च से शुरू हुई है जो कि 5 अप्रैल तक प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों से निकलेगी। 15 मार्च को पालकी यात्रा ओटवानी और मोरवानी परिवार द्वारा आयोजित की गई। जगदीश मोरवानी ने बताया कि परंपरा के अनुसार सबसे पहले साईं बाबा का पंचामृत से



अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती के साथ पालकी यात्रा की शुरुआत हुई। प्रभातफेरी के मार्ग में रंगोली सजाई गई।

सिंधी कॉलोनी के निवासियों ने अपने घरों के बाहर दीप जलाकर और रंगोली बनाकर पालकी का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर साईं बाबा का पूजन-अर्चन किया। हरीश ओटवानी ने बताया कि यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से लगातार हो रहा है। इस यात्रा के माध्यम से 'स्वच्छ इंदौर, सुंदर इंदौर' और 'जल ही जीवन है' का संदेश भी दिया जा रहा है। सिंधी कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर मंच बनाकर पालकी का भव्य स्वागत किया गया।

### आनंदवन 2 स्कीम 140 में होली का जश्न; रंग-गुलाल के साथ खूब नाचे

# शहर में मस्तीभरे माहौल में मनाया रंगों का त्योहार



संवाददाता ● इंदौर

**उत्साह**

आनंदवन 2 स्कीम 140 में रहवासियों ने उत्साह और उमंग के साथ होली का त्योहार मनाया। इस दौरान होलिका दहन कर सभी ने एक-दूसरे को खूब रंग-गुलाल लगाया। इसके साथ ही होली के गीतों पर जमकर नाचे। बच्चों ने भी खूब धमाल मचाया। समारोह की सफलता में कई प्रमुख व्यक्तियों का योगदान रहा। के.के. अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में तारकेश्वर सिंह और डॉक्टर आनंद सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा विनोद खंडेलवाल, महेश शर्मा और रामस्वरूप तोमर ने भी अपना सहयोग दिया। अमित गांधी, डॉक्टर सौरभ दुबे, प्रफुल्ल भार्गव और केशव गुप्ता के प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### गुलमर्ग परिसर में होलिकोत्सव

कनाडिया रोड बायपास स्थित गुलमर्ग परिसर में होलिका दहन के साथ फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इनमें कृष्ण पाल सिंह चौहान और रघुवीर सिंह चौहान प्रमुख थे। योग मित्र सिटी फॉरेस्ट की योगशाला के शिक्षक राधवेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद की मालवा प्रांत मातृशक्ति की प्रांत संयोजिका आरती जायसवाल और जिला संयोजिका नमृता बैरागी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। होलिका दहन में कंड़ों का उपयोग किया गया।

### रेवेन्यू नगर में होली का 'रंगारंग' जश्न




रेवेन्यू नगर में इस साल होली का त्योहार बेहद उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होलिका दहन से शुरू हुआ यह पर्व दो दिनों तक चला, जिसमें पूरा इलाका वृंदावन की याद दिलाता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत विधि से होलिका पूजन और दहन से हुई। अतिथियों का स्वागत ठंडाई और प्रसाद से किया गया। गीत-संगीत और नृत्य के बीच फूल-गुलाल की होली खेली गई। अगले दिन सुबह 8:30 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। लोगों का एक समूह नगर भ्रमण के लिए निकला। हर घर में भव्य तैयारियां की गई थीं। पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग टोलियां निकलीं। बच्चों ने गलियों में अपनी धूम मचाई। जो वरिष्ठ नागरिक घर से बाहर नहीं निकल पाए, उनसे घर जाकर मुलाकात की गई। कार्यक्रम के अंत में संजय आहूजा और नवीन सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।

जिला कमेटी का फैसला : 3226 लोकेशनों में होगी वृद्धि

# 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी की गाइडलाइन महंगी

संवाददाता ● इंदौर



**फैसला**

जिले में एक अप्रैल से प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन वित्तीय साल 2025-26 के लिए लागू होने जा रही है। इसके लिए शनिवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक हुई। बैठक में विधायक महेंद्र हार्डिया, वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू और दीपक शर्मा के साथ अन्य जिला पंजीयक, उप पंजीयक और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए 3226 लोकेशनों के लिए वृद्धि प्रस्तावित की गई है। यह प्रस्ताव अनुमोदन के लिए राज्य शासन को भेजा जाएगा। कुल 1811 लोकेशन पर 21 से 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। यानी प्रॉपर्टी के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है।

**जिले में 3226 लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित**

इंदौर जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 कलेक्टर गाइडलाइन की कुल 4680 लोकेशन में से 3226 लोकेशनों में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। शेष लोकेशन में कोई वृद्धि प्रस्तावित नहीं की गई है।

**202** लोकेशन पर 10 फीसदी की बढ़ोतरी

**275** लोकेशन में 11 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी

**907** लोकेशन में 21 से 30 फीसदी बढोतरी प्रस्ताव

**904** लोकेश में 31 से 50 फीसदी बढ़ोतरी प्रस्ताव

(यानी 1811 लोकेशन पर 21 से 50 फीसदी की बढ़ोतरी)

**636** लोकेशन पर 51 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी

**303** पर इससे ज्यादा की बढ़ोतरी प्रस्ताव

**1112** लोकेशन को मर्ज कर नई लोकेशन बनाई

### 1112 लोकेशन को किया मर्ज

वित्तीय वर्ष 2025-26 कलेक्टर गाइडलाइन में इंदौर जिले की लगभग 1112 लोकेशनों को आपस में मर्ज कर लगभग 407 नवीन लोकेशन बनाई गई है। जिससे संपदा 2.0 में पॉलीगोन की मैपिंग आसान हुई जिससे उन संबंधित लोकेशन पर दस्तावेज का पंजीयन सरलता से होगा। पंजीयन उप जिले यथा इंदौर, महू, सांवेर, देपालपुर में 240 नवीन कॉलोनियों/ लोकेशन का नाम आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 की गाइडलाइन में राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए जोड़ा जाना प्रस्तावित किया गया है। उक्त नवीन कॉलोनियों/ क्षेत्रों एवं आसपास/ समीप स्थित कॉलोनियों/क्षेत्रों एवं पंजीबद्ध किए जा रहे, दस्तावेजों में संगणित दरों के समकक्ष प्रस्तावित की गई हैं। जिले में इस तरह 240 नवीन कालोनियों/लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित की गई है।

### मुख्य बिंदुओं से समझें

- इंदौर में एक अप्रैल 2025 से नई कलेक्टर गाइडलाइन लागू होगी, जिससे 3226 लोकेशनों पर प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ेंगी।
- 1811 लोकेशनों पर 21 से 50% और 636 लोकेशनों पर 51% से अधिक की वृद्धि प्रस्तावित की गई है।
- 1112 लोकेशनों को मर्ज कर 407 नई लोकेशन बनाई गई हैं, जिससे संपदा 2.0 में पॉलीगोन मैपिंग आसान होगी।
- महू, सांवेर, देपालपुर समेत इंदौर जिले में 240 नई कॉलोनियों को गाइडलाइन में जोड़ा गया है।
- गाइडलाइन बढ़ाने का आधार पिछले साल की रजिस्ट्री दरों का विश्लेषण और राजस्व संग्रहण बढ़ाना है।

## शॉर्ट न्यूज

### लहसुन के बाद टमाटर के दाम औंधे मुंह गिरे

इंदौर। लहसुन के बाद अब टमाटर ने किसानों को रुलाना शुरू कर दिया है। इन दिनों देवी अहिल्याबाई फल एवं सब्जी मंडी में इन दिनों टमाटर की भारी आवक हो रही है। रोज लगभग 6 से 7 हजार कैरेट टमाटर मंडी में पहुंच रहा है, जिससे टमाटर के दामों में तेजी से गिरावट आई है। वर्तमान में टमाटर की कीमत गुणवत्ता के आधार पर केवल 3 से 5 रुपए प्रति किलो तक रह गई है, जबकि प्रति कैरेट दर 50 से 80 रुपए तक पहुंच गई है। मंडी व्यापारियों के अनुसार, टमाटर के दामों में गिरावट का मुख्य कारण इसकी अधिक आवक है। महाराष्ट्र से नई फसल आने के बाद कीमतों में सुधार की संभावना कम बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि मौजूदा दरों पर उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक कैरेट टमाटर की लागत 80 से 90 रुपए तक आती है, जिसमें तुड़ाई, गाड़ी भाड़ा, मजदूरी, बीज, खाद और दवाई का खर्च शामिल है। अभी प्रति कैरेट दर 50 से 80 रुपए तक पहुंच गई है। किसानों के पास टमाटर को खेतों में खराब होने से बचाने के लिए मंडी में बेचने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। सर्दियों में हरी सब्जियों की अधिक उपलब्धता के कारण टमाटर की मांग कम हो जाती है, जिससे इसके दाम गिर जाते हैं। गर्मियों में जब आवक घटकर 2 से 3 हजार कैरेट रह जाती है, तब टमाटर के दाम धीरे-धीरे बढ़ने लगते हैं।

### हादसे में हुई थी दो की मौत 51 लाख का क्लेम मंजूर

**इंदौर।** जिला कोर्ट ने सड़क दुर्घटना के मामले में दो की मौत में 25 लाख और 16 लाख रुपए का क्लेम मंजूर किया है। वही दो अन्य घायलों के लिए 10 लाख रुपए भी मंजूर किए हैं। जिस युवक के परिवार को 25 लाख रुपए का क्लेम मंजूर किया है, दुर्घटना के समय उसकी पत्नी गर्भवती थी। कोर्ट ने उसके गर्भस्थ शिशु को आश्रित मानते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने कुल 51 लाख रु. का क्लेम मंजूर किया। केस में बीमा कंपनी की प्रमुख आपत्ति यह थी कि केस में दो माह बाद एफआईआर दर्ज की गई। चारों परिवारों की ओर से एडवोकेट एलएन यादव की ओर से न्याय दृष्टांत मप्र हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग केसों का हवाला दिया गया। यह दुर्घटना कोरोना काल में 17 मार्च 2020 को इंदौर-खंडवा रोड दत्त मंदिर के पास हुई थी। महू का रहने वाला निर्मल उर्फ गुड्डा (21), धार निवासी राज सोलंकी, खरगोन निवासी रोहित सोलंकी और राहुल सोलंकी दो बाइकों से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मारी। हादसे में इलाज के दौरान निर्मल और राज की मौत हो गई जबकि रोहित और राहुल घायल हो गए थे। चारों दोस्त ठेके पर काम करते थे।इसमें आजाद नगर निवासी ट्रक मालिक नरदेव सिंह गुर्जर, हरियाणा के मेवात निवासी चालक जमशेद खुर्शीद और नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से मुआवजा दिलाने की मांग की गई।

## ढाई महीने के अंतराल में खजराना गणेश की दानपेटी से निकले 1.26 करोड़ रुपए

संवाददाता ● इंदौर



**गणना**

लाखों नागरिकों की श्रद्धा के केंद्र खजराना गणेश मंदिर की दानपेटियों से 1.26 करोड़ रुपए निकले हैं। मात्र ढाई महीने के अंतराल में दानपेटियों में प्राप्त हुए दान की गणना का कार्य किया गया। पिछले एक सप्ताह से खजराना गणेश मंदिर में दानपेटी में प्राप्त हुए दान की गणना का कार्य चल रहा था। विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों द्वारा सीसीटीवी कैमरे की देखरेख में यह गणना कार्य किया जा रहा था। यह कार्य होली के दिन देर शाम को समाप्त हो गया। खजराना गणेश मंदिर और परिसर में बने सभी मंदिरों की कुल 35 दानपेटियों में से इस बार 1.26 करोड़ रुपए की राशि निकली है। इसके पूर्व इन दानपेटियों की गणना का कार्य 4 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक किया गया था। उस समय इनमें से 1. 75 करोड़ रुपए निकले थे। वैसे तो मोटे तौर पर हर 3 महीने में मंदिर में जनता के दान की गणना का कार्य किया जाता है। इस बार वित्तीय वर्ष के समापन की बेला करीब आ जाने के कारण करीब 15 दिन जल्दी इस कार्य को अंजाम दिया गया।

हमेशा ही खजराना गणेश मंदिर की दानपेटी में से बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा अपने आराध्य भगवान गणेशजी को लिखी गई चि_ियां निकलती हैं। इन चि_ी में शादी कराने, नौकरी दिलाने, काम-धंधा चलवाने, उधारी का पैसा दिलवाने जैसे काम लिखे होते हैं। इन चि_ी को दानपेटी की गणना के बाद निकाल लिया जाता है और फिर खजराना गणेशजी को यह चि_ियां पढक़र सुना दी जाती हैं। इस बार दानपेटी में से एक व्यक्ति द्वारा पीएससी की परीक्षा के अपने एडमिट कार्ड की फोटोकॉपी को डाला गया और खजराना गणेशजी से गुहार लगाई गई कि उसका चयन करवाकर उसे अधिकारी बना दें।

## समर्थन मूल्य पर पहले ही दिन दो हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी

संवाददाता ● इंदौर



जिले में राज्य शासन द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पहले दिन आज अपनी उपज लाने वाले किसानों का पुष्पमाला पहना-तिलक लगाकर और साफा बांधकर स्वागत-सत्कार किया गया। जिले में किसानों से ही पूजन-अर्चन कराकर खरीदी कार्य का मुहुर्त किया गया। पहले दिन लगभग दो हजार क्विंटल गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा गया।

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिये व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिले में खरीदी के लिये 91 केन्द्र बनाये गये हैं। किसानों की सुविधा के लिए केंद्रों पर किसानों के बैठने, छाया, टेंट, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। खरीदी केन्द्रों पर निःशुल्क स्लॉट बुकिंग करने हेतु हेल्प डेस्क भी बनाये गये हैं। किसानों को शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये है कि जिले में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। खरीदी का कार्य नोडल अधिकारी और अपर कलेक्टर गौरव बेनल के निर्देशन में किया जा रहा है। अपर कलेक्टर गौरव बेनल ने भी खरीदी केन्द्रों पर पहुंचकर खरीदी कार्य और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बताया गया कि पहले दनि 12 खरीदी केन्द्रों पर 50 ट्रालियों में आये लगभग 2 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। खरीदी केन्द्रों पर गेंहू लाने वाले किसानों का पुष्पमाला पहना-तिलक लगाकर और साफा बांधकर स्वागत-सत्कार किया गया। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि इन्हीं किसानों से खरीदी कार्य का मुहुर्त भी कराया गया।

रंगारंग गेर का 76वां वर्ष

## निगम की झांकी देगी स्वच्छता का संदेश



संवाददाता ● इंदौर

**निरीक्षण**

रंगपंचमी पर निकलने वाली रंगारंग गेर में यूनेस्को द्वारा गेर को प्राचीन धरोहर में शामिल किए जाने को लेकर नगर निगम के अधिकारी स्वच्छता के लिए अभी से जुट गए हैं, जहां महापौर पुष्यमित्र भार्गव और स्वच्छता सर्वेक्षण प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने निगम के तीन सौ अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को बैठक में निर्देश जारी किए हैं। शहर में रंगारंग गेर को निकलते हुए 76 साल पूरे हो रहे हैं जहां गेर में करीब पंद्रह से ज्यादा मंडलियां अपनी अपनी गेर लेकर शामिल होते हैं और इंदौर की रंगारंग गेर की शान बढ़ाते हैं। इस गेर को देखने के लिए इंदौर और आसपास के करीब पांच लाख से ज्यादा लोग रंगपंचमी पर इंदौर पहुंचते हैं, वहीं पिछले तीन सालों से इंदौर जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा एन आर आई भी बड़ी संख्या में आमंत्रित किए जाते हैं जो विशेष रथ पर बैठकर पूरी गेर में आनंद लेते हैं। इस आयोजन के खत्म होने के बाद सफाई को लेकर इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने निगमायुक्त शिवम वर्मा और स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रभारी और निगम के स्वच्छता प्रभारी अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में सभी 22 जोन के जोन प्रभारियों और स्वच्छता निरीक्षकों के साथ बैठक लेकर तुरंत सफाई किए जाने को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं साथ ही निगम की झांकी के माध्यम से सफाई का संदेश देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर ने गेर मार्ग का किया निरीक्षण

**परम्परागत रुप से निकलने वाली रंगपंचमी की गेर के आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी है कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों के दल के साथ गेर मार्ग का निरीक्षण किया इंदौर में 19मार्च रंगपंचमी के अवसर पर रंगारंग गेर निकलेंगी निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा अपर पुलिस आयुक्त अमित सिंह, एडीएम रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर मार्ग के निरीक्षण की शुरुआत टोरी कॉर्नर चौराहे से की। इसके बाद वे निर्धारित गेर मार्गों पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे जल्द से जल्द मार्ग की मरम्मत कर दें। विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। विद्युत के तारों को आवश्यकता अनुसार ऊंचा करें। डीपी पर भी सुरक्षा के प्रबंध रखें। पूरे मार्ग पर सभी आवश्यक बंदोबस्त सुनिश्चित कर लिए जाये, किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाये। व्यवस्थाओं को समयसीमा में पूरा करें। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रखें जायें। कलेक्टर सिंह ने बताया कि पूरे मार्ग पर निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे। साथ ही कंट्रोल रुम भी बनाया जायेगा।**

छह माह लेट : पिछले साल अगस्त में आई थी

# स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम करवा रही लंबा इंतजार

**इस बार सर्वेक्षण छह माह लेट हो गया है। पिछले साल अगस्त माह में इंदौर में सर्वे हो चुका था औरजनवरी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग भी घोषित हो चुकी थी।**

संवाददाता ● इंदौर

**स्वच्छता**

सात बार से लगातार सबसे साफ शहर का ताज बरकरार रखने वाले इंदौर को इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण टीम लंबा इंतजार करवा रही है। चार माह से इंदौर में सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम ने तैयारी कर रखी है, लेकिन अभी तक दिल्ली से टीम नहीं आई। इस बार सर्वेक्षण छह माह लेट हो गया है। पिछले साल अगस्त माह में इंदौर में सर्वे हो चुका था औरजनवरी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग भी घोषित हो चुकी थी, लेकिन इस बार अभी तक सर्वेक्षण ही नहीं हो पाया है।




देश के दूसरे शहरों में आनलाइन फीडबैक शुरू हो चुका है, लेकिन टीम किसी भी शहर में अब तक नहीं जा पाई है। पहले 15 मार्च तक सर्वेक्षण टीम आने के संकेत मिले थे, लेकिन अब मार्च के अंतिम सप्ताह तक इंदौर में सर्वेक्षण हो सकता है। इस बार इंदौर को प्रीमियर लीग में रखा गया है। यहां इंदौर का मुकाबला सूरतऔर नवी मुबंई से है। पिछले तीन वर्षों से कम से कम दो वर्षों में टॉप थ्री में आने वाले शहरों को इसमे जगह मिली है। इंदौर सात बार से पहले स्थान पर है, इसलिए इंदौर को सबसे पहले शामिल किया गया। इंदौर के अलावा 11 अन्य शहर भी स्वच्छता सुपर लीग में स्थान पा चुके है।

### पहले स्थान पर रहने का पूरा भरोसा

मेयर पुष्यमित्र भार्गव को इस बार भी स्वच्छता रैंकिंग में पहले स्थान पर रहने का पूरा भरोसा है। उनका कहना है कि स्वच्छता का जनभागीदारी मॉडल इंदौर में सबसे मजबूत है। हमारी ताकत लोगों की जनभागीदारी है। लोग कचरा घरों और संस्थानों में संभालकर रखते है। उन्हें खुले में नहीं फेंकते। सुबह आने वाले कचरा वाहनों में ही उसे डाला जाता है। इस कारण सड़कें व परिसर लंबे समय तक साफ रहते है। शहर जीरो डस्टबीन सिटी है। इस कारण कचरा खुले में नजर नहीं आता। देश के दूसरे शहरों में कचरे के ढेर कई जगह नजर आते है। इस बार शहर को सुंदर बनाने पर भी जोर दिया है। वॉल पेटिंगों के अलावा शहर के उद्यानों में कचरे से सुंदर कलाकृतियां बनाई गई है।

# पाकिस्तान की कमजोरियां बलूचों ने उजागर कर दी हैं

पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस की हाईजैकिंग के निहितार्थ काफी महत्वपूर्ण हैं। पाकिस्तान में इस तरह के अपहरण नई बात नहीं हैं। बलूच विद्रोहियों ने अतीत में पाकिस्तानी फौज के कई महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर कब्जा किया है और 1998 में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ान 544 को भी कुछ समय के लिए अपहृत कर लिया था। क्वेटा और पेशावर के बीच 1600 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली जाफर एक्सप्रेस नामक ट्रेन के मामले में हम कभी नहीं जान पाएंगे कि कितने बंधकों को विद्रोहियों ने मारा या वे बचाव अभियान के दौरान फौज के हाथों मारे गए। अपहर्ताओं के लिए किसी ट्रेन को हाईजैक करने के कई नफे-नुकसान हैं। उनके लिए सबसे बड़ा फायदा यह है कि ट्रेन में विमान से कई गुना अधिक लोग सवार होते हैं।

लेकिन इसका नकारात्मक पहलू उनके लिए यह है कि दक्षिण एशिया में ट्रेन का उपयोग करने वाले अधिकांश लोग विमान का उपयोग करने वाले लोगों की तुलना में कम महत्वपूर्ण और गरीब होते हैं। दूसरे शब्दों में उनका जीवन राज्यसत्ता के लिए इतना महत्वपूर्ण नहीं होता। इसके अलावा, जहां विमानों को आसानी से अपहृत करके देश के बाहर ले जाया जा सकता है, वहीं ऐसा ट्रेन के साथ नहीं किया जा सकता।

नतीजतन, ट्रेन-अपहरण हमेशा सरकार के पक्ष में ज्यादा होगा, जबकि विमान अपहरण में लगभग हमेशा अपहरणकर्ताओं का पक्ष मजबूत होता है। भारतीय विमानों के कम से कम 6 अपहरणों के लिए पाकिस्तानी नागरिक जिम्मेदार माने गए थे और उन्हें पाकिस्तान में नायक और स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिया जाता है। ऐसे में अब पाकिस्तानी बलूच विद्रोहियों को कैसे आतंकवादी करार दे सकते हैं?

सामरिक रूप से यह घटना उनके लिए एक दुःस्वप्न है। पाकिस्तान की लंबी रेलवे पटरियां अत्यंत शुष्क, निर्जन और दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती हैं, जिनकी चौबीसों घंटे और पूरी दूरी तक रखवाली करना असंभव है। इसके अलावा,

> **नतीजतन, ट्रेन-अपहरण हमेशा सरकार के पक्ष में ज्यादा होगा, जबकि विमान अपहरण में लगभग हमेशा अपहरणकर्ताओं का पक्ष मजबूत होता है। भारतीय विमानों के कम से कम 6 अपहरणों के लिए पाकिस्तानी नागरिक जिम्मेदार माने गए थे और उन्हें पाकिस्तान में नायक और स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा दिया जाता है। ऐसे में अब पाकिस्तानी बलूच विद्रोहियों को कैसे आतंकवादी करार दे सकते हैं?**

भारत में जहां रेलवे स्मॉल-डायमंड पैटर्न में पूरे देश से होकर गुजरती हैं, वहीं पाकिस्तान रेलवे के पास उत्तर में पेशावर से दक्षिण में कराची तक चलने वाली केवल एक मुख्य उत्तर-दक्षिण धुरी है। यह एकमात्र ऐसी लाइन है, जहां ट्रेनें दोनों दिशाओं में यात्रा कर सकती हैं। असल में अगर आप क्वेटा से पेशावर जाना चाहते हैं तो आपको पहले लगभग 700 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में रोहड़ी जाना होगा, फिर उत्तर की ओर पेशावर जाना होगा। इसका मतलब है कि बलूच विद्रोहियों के पास न केवल क्वेटा को काटने, बल्कि बेहतर रसद के साथ पाकिस्तान की उत्तर-दक्षिण धुरी को गंभीर रूप से बाधित करने के कई विकल्प हैं। यही कारण है कि इस हाईजैकिंग ने अफगान तालिबान और बलूच विद्रोहियों- दोनों को पाकिस्तान की एक बड़ी कमजोरी दिखा दी है। इसकी मरम्मत करने के लिए पाकिस्तान सरकार को भारी निवेश करना होगा। अनुमान है कि इस घटना में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि तालिबान और बलूची जितनी ज्यादा रेलगाड़ियों को रोकने में सफल होंगे, पाकिस्तानी सेना की प्रतिक्रिया उतनी ही घातक होगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह वही सेना है जिसने बांग्लादेश में नरसंहार किया था और जो 2015 तक बलूच विद्रोह के जवाब में बलूच गांवों को जलाने के लिए एफ-16 लड़ाकू विमानों और 1000 किलोग्राम के बमों का इस्तेमाल कर रही थी। दुःखद हकीकत यह है कि ये बलूच लोग ही अब पाकिस्तानी फौज की नाकामी और बलूच विद्रोहियों के दुःसाहस की कीमत चुकाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि बलूच विद्रोही नेतृत्व का बड़ा हिस्सा अफगानिस्तान में है। अगर रिपोर्टों पर यकीन किया जाए तो अफगानिस्तान में रहने वाला उमर मजीद इस पूरे ऑपरेशन का को-ऑर्डिनेशन कर रहा था। जहां बलूचों का दावा है कि यह बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सैन्य अभियानों का प्रतिशोध था, वहीं यह भी संभव है कि अफगान तालिबान ने हाल ही में संभवतः आईएसआई द्वारा अपने नेताओं की हत्याओं के जवाब में इस ऑपरेशन का समर्थन किया हो।

## संत वचन

ऐसे ही परमात्मा के बिना मानव का कोई अस्तित्व नहीं होता।संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए।संत रविदास की जयंती पर उनके दिया गए अनमोल वचनों को पढ़ें, ये जीवन जीने का सही मार्ग बताते हैं।तेज हवा के कारण सागर की लहरें उठती हैं और सागर में ही समा जाती हैं, उनका अलग कोई अस्तित्व नहीं होता.... ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन।हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल माघ पूर्णिमा के दिन रविदास जयंती मनाई जाती है। इस बार संत रविदास जी की जयंती 24 फरवरी मनाई जाती है। वाराणसी के पास एक गांव में जन्में संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उनकी जयंती के मौके पर शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं और भजन कीर्तन कर उनको याद किया जाता है। उन्हें संत रविदास, गुरु रविदास, रैदास और रोहिदास जैसे कई नामों से जाना जाता है। और विश्वास ने ईश्वर के कई अन्य वफादार लोगों को मजबूत किया।

# वाइल्डलाइफ का संरक्षण भी हमारी प्राथमिकता बने

विश्व वन्यजीव दिवस पर प्रधानमंत्री ने वनतारा नामक वाइल्डलाइफ रेस्क्यू, रिहैब और कंजर्वेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इसे निजी चिड़ियाघर भी कहा गया है। दिल्ली का चिड़ियाघर 200 एकड़ में फैला है और वनतारा 3000 एकड़ में! इस नवनिर्मित फेसिलिटी का दावा है कि इसमें दुनिया की सबसे बड़ी चीता संरक्षण परियोजना संचालित होगी।

लेकिन इस सर्वसुविधायुक्त परिसर के बाहर की हकीकत इससे बहुत विपरीत है। सरकार के 100 करोड़ रु. के चीता पुनर्वास अभियान में आठ चीतों और तीन शावकों की मृत्यु हो गई है। यह संसद में स्वयं सरकार द्वारा स्वीकार किया गया है। सरकार को उन अध्ययनों के बारे में जानकारी थी, जो दर्शाते हैं कि इस तरह के पुनर्वास प्रयासों की सफलता दर केवल 50% है, इसके बावजूद यह किया गया।

**एडिट.नोट**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नवीनतम अनुमानों के अनुसार देश में वर्तमान में 73 ऐसी प्रजातियां हैं, जो गंभीर रूप से संकटग्रस्त श्रेणी में आती हैं। ये 2011 में 47 ही थीं। 2022 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंभीर रूप से संकटग्रस्त ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोहन चिड़िया) अब केवल 100 ही बची हैं। 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को उनके संरक्षण के लिए ठोस उपाय करने का निर्देश दिया था।

अपने जवाब में सरकार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को व्यावहारिक रूप से लागू करना असंभव था। सरकार की प्राथमिकताएं उनके बजटीय-आवंटन में झलकती हैं। प्रोजेक्ट टाइगर और प्रोजेक्ट एलीफैंट को पहले अलग-अलग फंडिंग दी जाती थी, लेकिन अब उन्हें एक साथ जोड़ दिया गया है। 2019 और 2023 के बीच इन परियोजनाओं के लिए वित्त-पोषण में 23% की गिरावट आई, जबकि दस में से सात राज्यों को वित्त-वर्ष 2022 में कोई धनराशि नहीं मिली। एक अन्य केंद्र प्रायोजित योजना- डेवलपमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ हैबिटैट्स- में इसी अवधि के दौरान वित्त-पोषण में 20% की कमी देखी गई।

मनुष्य और पशुओं का टकराव एक और समस्या है। 2019 से 2023 के बीच हाथियों के हमलों के कारण लगभग 2800 मौतें हुईं। अकेले केरल में, 2021 से 2024 के बीच, वन्यजीवों से संघर्ष में 316 लोगों की जान गई और 3700 लोग घायल हुए। इसी अवधि में, मानव-बाघ संघर्ष के परिणामस्वरूप लगभग 300 मौतें हुईं, जबकि 75 बाघ अवैध शिकार, जब्ती और अन्य अप्राकृतिक कारणों से मारे गए।इसके बावजूद, सरकार का वन्यजीव-प्रबंधन दृष्टिकोण अकसर अतिवादी रहा है, जो राज्यों में देखते ही गोली मारने के आदेशों से स्पष्ट है। 2016 में, केंद्र सरकार ने संसद को आश्वस्त किया कि इस तरह के कोई आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं, केवल कुछ मामलों में ह्यडंडे से जानवरों को भगानेह्व की अनुमति दी जा रही है।हालांकि, राज्यों ने इसे जारी रखा है। 2024 में, यूपी और राजस्थान ने भेड़ियों और तेंदुओं को मारने का आदेश दिया। 2021 में कर्नाटक ने एक बाघ के लिए ऐसा ही आदेश जारी किया था और 2018 में महाराष्ट्र ने एक बाघिन को मारने की अनुमति दी थी। भारत में विदेशी पालतू जानवरों का व्यापार एक और चिंता का विषय है।हाल ही में, सरकार ने वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 पारित किया। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमाओं, नियंत्रण रेखा या वास्तविक नियंत्रण रेखा के 100 किलोमीटर के भीतर स्थित भूमि के लिए वन संरक्षण नियमों से व्यापक छूट की अनुमति दी गई। ऐसे महत्वपूर्ण संशोधनों के बावजूद इसे लोकसभा में जल्दबाजी में पारित कर दिया गया, जिसमें केवल चार वक्ताओं ने 30 मिनट से थोड़ा अधिक समय तक बहस की।

**एन. रघुरामन- लेखक**

# होली का मतलब कुछ देना भी होता है

मेरे कपड़े न तो उन दिनों महंगे हुआ करते थे और न ही वे आज हैं। उन दिनों एक परिवार के तौर पर हम महंगे कपड़े खरीदना वहन नहीं कर सकते थे और आज भी मैं इस पर ज्यादा खर्च करना पसंद नहीं करता, क्योंकि मेरा मानना ??है कि कपड़ों का मकसद शरीर को ढकना भर ही है। लेकिन वे साफ-सुथरे और अच्छी तरह से इस्तरी किए हुए जरूर होने चाहिए। इसलिए होली खेलना मेरे लिए प्राथमिकता नहीं थी। इसलिए नहीं कि मैं बचपन में होली नहीं खेलना चाहता था, बल्कि इसलिए कि मैं अपने कपड़ों को खराब नहीं कर सकता था। शायद मेरी मां ने रंगों के त्योहार में भाग न ले पाने की उदासी को मेरे चेहरे पर देखा होगा। इसीलिए उन्होंने तुरंत मेरे पुराने कमीज-पतलून निकाले, उनकी सिलाई खोली और उन्हें मशीन से फिर से सिल दिया। महज 30 मिनट बाद मैं रंगों का उत्सव मना रहा था।

फिर साल दर साल, वे न केवल होली के दो दिन पहले ही मेरी ड्रेस तैयार करती रहीं, बल्कि मेरे चचेरे भाई-बहनों और पड़ोस के बच्चों को मेरे दुरुस्त किए हुए पुराने कपड़े भी देना शुरू कर दिया।साथ ही उन्होंने उनके कपड़ों की मरम्मत की भी जिम्मेदारी ली, जो हमारे जैसी ही आर्थिक स्थिति में थे। धीरे-धीरे स्थिति बदली और अब हम होली पर अपने कुछ कपड़ों को खराब करने का जोखिम उठा सकते थे। लेकिन मां जब तक जीवित रहीं, जरूरतमंदों के लिए कपड़े ठीक करती रहीं। मैं उनसे कहता था कि अगर वे चाहें तो मैं उनके लिए भी कपड़े खरीद सकता हूं, लेकिन वे हमेशा यह कहकर मना कर देती थीं कि मैं दीपावली के दौरान यह उदारता दिखा सकता हूं, लेकिन होली के दौरान वे जो कर सकती हैं, करेंगी।

उनके निधन के बाद से, मैं हर होली के त्योहार पर उन लोगों के बच्चों को कुछ कपड़े बांटता हूं, जो मुझे जानते हैं और जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मेरी यादें तब ताजा हो गईं, जब मैंने वडोदरा के घनश्याम पाटीदार के बारे में सुना। उन्होंने अपने बेटे परीक्षित के क्रिकेट दस्तानों की मरम्मत करने का फैसला किया था, ताकि वह उन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल कर सके।

ऐसा नहीं है कि वे नए दस्ताने खरीदने में असमर्थ थे, लेकिन उनके बेटे को यकीन था कि वह दस्ताना उसका लकी चार्म है और उसने उसे फेंकने से इनकार कर दिया। तभी घनश्याम को एहसास हुआ कि क्रिकेट के सामान बहुत महंगे होते हैं।दस्तानों के साथ-साथ लेग पैड भी अक्सर खराब हो जाते हैं, जिन्हें बहुत कम कीमत पर ठीक किया जा सकता है, खासकर वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले उन बच्चों के लिए जो हर कुछ महीनों में नए दस्ताने खरीदना वहन नहीं कर सकते। तब उन्होंने खुद सैकड़ों दस्तानों और लेग पैड को मामूली कीमत पर ठीक करने की कला में महारत हासिल की।

लेकिन घनश्याम अपनी इस सोच में एक कदम आगे निकल गए। उन्हें एहसास हुआ कि आखिर वे कब तक देश भर के हर क्रिकेट खेलने वाले गरीब बच्चे के लिए इन सामानों की मरम्मत करवा सकेंगे। ऐसे में उन्होंने लोगों को कम कीमत पर ऐसे क्रिकेटिंग-गियर की मरम्मत का प्रशिक्षण देने का फैसला किया। उन्होंने पिछले कुछ सालों में यूपी, एपी, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, एमपी और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के करीब 25 लोगों को प्रशिक्षित किया है।

उन्होंने क्रिकेट के सामान की मरम्मत के प्रशिक्षण के बारे में लोगों को बताना शुरू किया कि कैसे यह न केवल लोगों की अपनी आजीविका कमाने में मदद कर सकता है, बल्कि गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले उभरते क्रिकेटरों के लिए भी सहायक है। वे सभी अब अपने-अपने राज्यों में 300 रुपए प्रति जोड़ी से भी कम कीमत पर क्रिकेटिंग-गियर की मरम्मत कर रहे हैं।

उनका एकमात्र मिशन उन बच्चों की मदद करना है, जिनके पास बड़े सपने हैं लेकिन उन्हें हासिल करने के साधन नहीं। ये और बात है कि घनश्याम इसके साथ ही ऐसे क्रिकेटिंग-गियर्स के आविष्कारक भी बन गए हैं, जो क्रिकेटरों के लिए खेलना आरामदायक और आसान बनाते हैं। इनमें ऐसा हेलमेट भी शामिल है, जो अंदर से ठंडा रहता है और कानों के लिए असुविधाजनक नहीं होता।

फंडा यह है कि देना असल में कुछ पाना है। और इसके लिए होली से बेहतर त्योहार क्या हो सकता है। आप सभी को होली की शुभकामनाएं।

## बिजनेस. न्यूज

**स्टारलिंक की एंट्री से पहले केंद्र ने शर्तें रखी**

# भारत में कंट्रोल सेंटर बनाना जरूरी, सुरक्षा एजेंसियों को कॉल इंटरसेप्शन की परमिशन देनी होगी

एजेंसी ● नई दिल्ली

इलॉन मस्क की स्टारलिंक कंपनी भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने वाली है। इसके पहले केंद्र सरकार ने स्टारलिंक के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। सरकार की मांग है कि शटडाउन कंट्रोल के लिए देश में ही कंट्रोल सेंटर बनाया जाए। यानी अगर कभी इस सर्विस को बंद करना हो तो इसके लिए कंट्रोल सेंटर भारत में ही हो। साथ ही डेटा सिक्योरिटी के लिए सुरक्षा एजेंसियों को ये सुविधा दी जाए कि वो कॉल इंटरसेप्ट यानी डेटा की निगरानी कर सकें।

इसके अलावा सरकार ने कहा है कि सैटेलाइट के जरिए विदेश में किए जाने वाले कॉल्स को सीधे फॉरवर्ड के बजाए स्टारलिंक को इन्हें पहले भारत में बनाए गए स्टारलिंक गेटवे पर लाना होगा। इसके बाद टेलिकॉम चैनलों के जरिए फोन को विदेश में फॉरवर्ड किया जाएगा।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहली दो शर्तें देश की टेलिकॉम कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (श्क) पर पहले से लागू हैं। रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलिंक की सैटेलाइट कम्युनिकेशन लाइसेंसिंग की प्रोसेस लगभग पूरी होने वाली है। कंपनी भारत में इंटरनेट सेवाओं के लिए जियो और एयरटेल के साथ मार्केटिंग और नेटवर्क एक्सपेंशन के लिए समझौते कर रही है। देश के किसी भी हिस्से में कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में संचार सेवाओं को तत्काल बंद करने के लिए कंट्रोल सेंटर जरूरी है। इसमें सैटेलाइट सर्विसेज भी शामिल हैं। इसलिए स्टारलिंक का कंट्रोल सेंटर भारत में बनाने की मांग की गई है। भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड करने के लिए देश की दो बड़ी टेलिकॉम कंपनियां जियो और एयरटेल ने इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ करार किया है। समझौते के तहत, स्पेसएक्स और एयरटेल बिजनेस, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में स्टारलिंक सर्विसेस देने के लिए मिलकर काम करेंगे। एयरटेल के मौजूदा नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टारलिंक टेक्नोलॉजी इंटीग्रेट करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। स्टारलिंक 100 से ज्यादा देशों में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट देती है। उसके पास पृथ्वी की निचली कक्षा में 7 हजार से ज्यादा सैटेलाइट का सबसे बड़ा सैटेलाइट नेटवर्क है। स्टारलिंक इंटरनेट के जरिए स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो कॉल आसानी से किया जा सकता है। इसमें कंपनी एक किट उपलब्ध करवाती है जिसमें राउटर, पावर सप्लाई, केबल और माउंटिंग ट्राइपॉड दिया जाता है। हाई-स्पीड इंटरनेट के लिए डिश को खुले आसमान के नीचे रखा जाता है।ड्डर और एंड्रॉयड पर स्टारलिंक का एप मौजूद है, जो सेटअप से लेकर मॉनिटरिंग करता है।

**राज-काज**

### खाद्य तेलों में गिरावट

इंदौर। खाद्य तेलों में होली की थोक ग्राहकी निपट चुकी है। खेरची ग्राहकी सामान्य से ज्यादा नहीं है, जिससे सोया और मूंगफली तेल सहित अन्य तेलों में भी मंदी का रुख है। इंदौर में सोया तेल घटकर 1,285-1,290 रुपए और मूंगफली तेल 1,390-1,410 रुपए प्रति दस किलो पर बिके। उधर, मंडियों में सोयाबीन की आवक और कामकाज भी कमजोर चल रहा है। भावों में नरमी का रुख है। तिलहन-सोयाबीन 4050, सरसों निमाड़ी (बारीक) 5700-5800 रायडा 5500-5600 रुपए प्रति क्विंटल। खाद्य तेल-मूंगफली तेल इंदौर 1390-1410, मुंबई मूंगफली तेल 1430, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 1285-1290, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 1225-1230, इंदौर पाम 1425, मुंबई सोया रिफाइंड 1320, मुंबई पाम तेल 1365, राजकोट तेलिया 2205,गुजरात लूज 1360-1365, कपास्या तेल इंदौर 1285 रुपए प्रति दस किलो। सोयाबीन प्लांट- बेतूल ऑयल सतना 4200 बेतूल ऑयल 4225 धानुका सोया नीमच 4200 रुपए।

# गौतम अडाणी को अमेरिकी मार्केट रेगुलेटर का समन:केंद्र सरकार ने अहमदाबाद कोर्ट को भेजा

एजेंसी ● नई दिल्ली

गौतम अडाणी को अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (वर रएउ) ने अमेरिका में रिश्वत और धोखाधड़ी मामले में समन भेजा है। द हिंदू की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने 25 फरवरी को समन अहमदाबाद की सेशन कोर्ट को ट्रांसफर कर दिया है, ताकि इसे गौतम अडाणी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म हाउस पर पहुंचाया जा सके। ये समन 1965 की हेग संधि के तहत भेजा गया है। संधि में किसी भी मामले से जुड़े देश एक-दूसरे के नागरिकों को कानूनी दस्तावेज सौंपने में सहायता के लिए सीधे अनुरोध कर सकते हैं।

इससे पहले 23 नवंबर को अमेरिकी रएउ ने अडाणी को आरोपों पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए समन भेजा था। गौतम और सागर अडाणी को 21 दिन के अंदर रएउ को जवाब देने के लिए तलब किया था। पिछले साल अमेरिका में अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। अटॉर्नी ऑफिस आरोप पत्र के मुताबिक, अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए थे। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए की रिश्वत देने का भी आरोप अडाणी पर लगाया गया था। आरोपियों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था।

भारत 2006 में हेग संधि में शामिल हुआ था 15 नवंबर 1965 में नीदरलैंड के हेग शहर में 84 देशों के बीच एक संधि हुई थी। इसमें व्यापारिक मामलों में कानूनी दस्तावेज संबंधित व्यक्ति या संस्था तक पहुंचाने का फैसला लिया गया था। भारत कुछ शर्तों के साथ साल 2006 में इस संधि में शामिल हुआ था। पिछले कुछ समय से अडाणी काफी विवादों में रहें हैं, इसलिए इनसे जुड़े कुछ बड़े मामलों पर एक नजर... पहला विवाद: हिंडनबर्ग रिसर्च ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए : जनवरी 2023 की है। गौतम अडाणी की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने 20,000 करोड़ का फॉलोऑन पब्लिक ऑफर लाने की घोषणा की। 27 जनवरी 2023 को इस ऑफर को खुलना था, लेकिन उससे ठीक पहले 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए।

**एलजी इंडिया रु 15,000 करोड़ का आईपीओ लाएगी**

# सेबी ने अप्रूवल दिया; देश के टॉप-5 आईपीओ में से एक होगा

एजेंसी ● मुंबई

साउथ कोरिया की छत्र्इलेक्ट्रॉनिक्स जल्द ही अपनी भारतीय यूनिट का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी, क्ढड लाने वाली है। मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी, रएइक ने छत्र् के ड्राफ्ट पेपर्स को अप्रूवल दे दिया है। इस क्ढड का इश्यू साइज 15,000 करोड़ रुपए होगा। यह इश्यू ऑफर फॉर सेल है, इसके जरिए 10 रुपए फेस वैल्यू के 10.18 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। कंपनी को क्ढड से कोई इनकम नहीं होगी।

इससे पहले कंपनी ने 19 दिसंबर को रएइक के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (उत्र्लढ) फाइल किया था। देश के अब तक के टॉप-5 सबसे बड़े क्ढड में से एक होगा इस इश्यू साइज के साथ यह पब्लिक इश्यू देश के अब तक के टॉप-5 सबसे बड़े क्ढड में से एक होगा। उत्र्लढ में मॉर्गन स्टेनली, जेपी मॉर्गन, एक्सिस कैपिटल, बोफा सिक्योरिटीज और सिटीग्रुप को इस इश्यू का लीड मैनेजर बनाया गया है। 1.8 बिलियन डॉलर के क्ढड के बाद जब शेयर लिस्ट होंगे तो छत्र् इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वैल्यूएशन करीब 13 बिलियन डॉलर यानी 1.10 लाख करोड़ रुपए हो सकती है।इलेक्ट्रॉनिक्स यह क्ढड एक स्ट्रैटेजी के तहत ला रही है, क्योंकि कंपनी ने 2030 तक 7,500 करोड़ डॉलर यानी 6.35 लाख करोड़ रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स रेवेन्यू का टारगेट रखा है और यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस को फिर से ट्रैक पर लाने की कोशिशों का हिस्सा है। ये बातें कंपनी के उएड विलियम चो ने अगस्त में ब्लूमबर्ग टेलीविजन के साथ इंटरव्यू में कही थी।






देहरादून में होली की पूर्व संध्या पर होलिका दहन के दौरान अनुष्ठान करती महिलाएं।





### मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह में सभी को दीं मंगलकामनाएं

# होली भाईचारे का पर्व, एकता बनाए रखने की देता है प्रेरणा : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

**समारोह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार सबका मंगल लेकर आते हैं, इसीलिए ऐसे पर्वों पर बधाई और मंगलकामनाएं दीं जाती हैं। सीएम ने कहा कि ये आनंद मनाने का पर्व है। खुश होकर, आनंद लेकर ही मनाए। उन्होंने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ सभी त्यौहार मनाने का आह्वान किया। समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, सांसद खजुराहो वी.डी.शर्मा, समाजसेवी हितानंद शर्मा, सांसद भोपाल आलोक शर्मा, सांसद नर्मदापुरम दर्शन सिंह चौधरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, रविन्द्र यति, गणमान्य नागरिक, पत्रकार, अधिकारी और कलाकारों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ होली मनाई। सभी ने बड़े हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की मंगलकामनाएं दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में सुघड़ कलाकारों ने ब्रज, बरसाने और महाकाल की होली का भव्य एवं मनोरम मंचन किया गया। पारम्परिक गीत-संगीत, नृत्य और रंगों की इस अनुपम छटा ने सभी को अभिभूत कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सामाजिक एकता और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि वे पर्यावरण का संवेदनशीलतापूर्वक ध्यान रखते हुए होली मनाएं और जल संरक्षण का भी संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। उल्लास और उमंग से सराबोर इस होली मिलन समारोह में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया।

**पुष्प वर्षा कर सीएम ने किया अतिथियों का स्वागत**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंच पर प्रस्तुती दे रहे कलाकारों और अतिथियों के साथ रंग बरसे भीगे....., होली के दिन दिल खिल-खिल.....,, दमादम मस्त कलंदर, भोले खेलें होली... जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे सभी आगंतुकों पर पुष्प-वर्षा के साथ गुलाल उड़ाकर मेजबान के रुप में सबका स्वागत किया।

## शॉट न्यूज

### लोन का सपना दिखाकर सैकड़ों महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले भर में गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी हुई है। आरोपित रातों-रात ऑफिस बंद कर वहां से रफूचक्कर हो गए। फिलहाल ठगी की शिकार हुई 50 से अधिक महिलाएं सामने आ चुकी हैं। महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। जानकारी के अनुसार एसपीएस स्कूल के पास फतेहपुर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास करीब एक से डेढ़ माह पहले उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस सीकर, राजस्थान के नाम से सुरेश जाट, प्रकाश सेन कुछ लोगों ने एक ऑफिस खोला।

### 15 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म करने वाले भाई को 20 साल की सजा

**भोपाल।** विशेष न्यायालय ने पंद्रह वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले उसके सगे भाई को बीस वर्ष के कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड सजा सुनाई है। अभियोक्ती ने अपने पिता के साथ 10 जून 2023 को निशातपुरा थाने में लिखित आवेदन दिया। अभियुक्ति में बताया कि जब उसके पिता उसकी अम्मी और उसकी बहनों को छोड़ कर चले गये तो अम्मी ने उसे व उसकी बहनों को नित्य सेवा सदन सोसाइट में डाल दिया। उक्त सोसाइटी में रहते हुए उसका विवाद होस्टल वार्डन से हो गया। वार्डन ने विवाद के बाद अभियुक्ति को उसके आरोपित जो उसका सगा भाई था के साथ भेज दिया।

### सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा की होली

**भोपाल।** सीहोर में आज महादेव की होली मनाई जा रही है। कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में शहर में चल समारोह निकाला जा रहा है। इसमें देशभर से सीहोर आए श्रद्धालु शामिल हैं। पंडित मिश्रा ने कहा- पहले दिन गमी की होली के बाद हमें दूसरे दिन सबसे पहले भगवान महादेव के साथ होली खेलनी चाहिए। उन्हें रंग, अबीर-गुलाल लगाकर एक लोटा सुगंधित केसरिया जल चढ़ाकर आशीर्वाद लेना चाहिए ताकि वर्ष भर परिवार खुशहाल रहे। महादेव की होली का चल समारोह सुबह करीब 10 बजे चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर खत्म होगा।

## भोपाल से प्रयागराज, जयपुर,गोवा उड़ान बंद होगी, हैदराबाद तक अतिरिक्त उड़ान

**संवाददाता ● भोपाल**

अप्रैल माह से लागू हो रहे समर शेड्यूल से पहले ही भोपाल से प्रयागराज, जयपुर एवं गोवा उड़ान अस्थाई रूप से बंद हो रही है। भोपाल से रायपुर एवं हैदराबाद तक अतिरिक्त उड़ानें शुरू होंगी। कुछ उड़ानों के समय में मामूली परिवर्तन होगा।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज उड़ान में सीटें नहीं मिल पा रही थीं। अब कंपनी को यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। इंडिगो ने इस रूट पर संचालित उड़ान की बुकिंग 30 मार्च एवं इसके बाद की तारीखों में नहीं हो रही है। गोवा रूट भी इसी दिन से उड़ान बंद होगी। जयपुर एयरपोर्ट पर रन वे विस्तार का काम शुरू होने के कारण भोपाल से जयपुर के बीच संचालित उड़ान स्थाई रूप से बंद होगी। एयरपोर्ट अथारिटी ने उम्मीद व्यक्त की है कि समर शेड्यूल के बीच में यह तीनों उड़ानें फिर से शुरू होंगी। समर शेड्यूल अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लागू होता है।



**हैदराबाद जाना आसान होगा**

भोपाल से रायपुर तक हवाई यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ रही है। इसे देखते इंडिगो ने इस रुट पर अतिरिक्त उड़ान शुरु करने की तैयारी की है। वर्तमान में रायपुर तक एक ही उड़ान है। 30 मार्च से दो उड़ानें हो जाएंगी। प्रस्तावित उड़ान संख्या 6-ई 7149 सुबह 9.40 बजे भोपाल से रवाना होगी। सुबह 11.10 बजे यह रायपुर पहुंचेगी। हैदराबाद रुट पर तीसरी उड़ान 30 मार्च से प्रारंभ होगी। प्रस्तावित उड़ान संख्या 6-ई 7595 शाम 6.55 बजे भोपाल से टेक ऑफ होगी। रात्रि नौ बजे यह उड़ान हैदराबाद में लैंड होगी। तीसरी उड़ान शुरु होने से भोपाल का दक्षिण भारत से हवाई कनेक्शन मजबूत हो जाएगा। हालांकि यात्री लंबे समय से तिरुपति तक सीधी उड़ान की मांग कर रहे थे। फिलहाल तिरुपति जाने वाले श्रद्धालुओं को वाया हैदराबाद ही जाना होगा।

### माओवादियों की मदद के आरोप


## वन विभाग के दो मजदूरों पर लगा यूएपीए

**मंडला।** मध्य प्रदेश पुलिस ने राज्य वन विभाग के दो अस्थायी मजदूरों के खिलाफ कठोर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) लगाया है। दोनों को हाल ही में उनके कथित माओवादी संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि दोनों आरोपियों- अशोक कुमार वाल्को और संतोष कुमार धुर्वे को आदिवासी बहुल मंडला जिले में पुलिस और माओवादियों के बीच गोलीबारी के बाद गिरफ्तार किया था। खटिया पुलिस थाने के इंस्पेक्टर कैलाश सिंह चौहान ने बताया, "कान्हा टाइगर रिजर्व (केटीआर) में अस्थायी मजदूर के रूप में काम करने वाले दो आदिवासी लोगों को नक्सलियों के साथ उनके संबंधों और उन्हें राशन की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया। "पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन पर सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने और भारतीय न्याय संहिता के तहत दंगा करने के लिए यूएपीए की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। वन कर्मचारियों के संघ, मप्र वन कर्मचारी संघ की मंडला इकाई के प्रमुख बलसिंह ठाकुर ने दावा किया कि गिरफ्तार किए गए दोनों मजदूर निर्दोष हैं और उन्हें गलत तरीके से फंसाया गया है।

### मप्र हाईकोर्ट की टिप्पणी

## 'गैर मर्दों से पत्नी की अश्लील चैटिंग कोई पति नहीं कर सकता बर्दाश्त'

**संवाददाता ● जबलपुर**



**अपील**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने हाल ही में एक महिला की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसने तलाक की याचिका को मंजूरी देने वाले फैमिली कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। फैमिली कोर्ट ने पति के खिलाफ क्रूरता के आधार पर तलाक की अर्जी को मंजूरी दी थी। महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस सिंह की पीठ ने गौर किया कि पत्नी अपने पुरुष मित्रों के साथ अपनी सेक्स लाइफ के बारे में बातचीत कर रही थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने कहा कि शादी के बाद पति या पत्नी अपने दोस्तों के साथ अभद्र या अश्लील बातचीत नहीं कर सकते।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, कोई भी पति यह बर्दाश्त नहीं करेगा कि उसकी पत्नी मोबाइल पर इस तरह की अश्लील चैटिंग करे। शादी के बाद पति और पत्नी दोनों को चैटिंग और अन्य माध्यमों से दोस्तों के साथ बातचीत करने की स्वतंत्रता है, लेकिन बातचीत का स्तर एक दायरे में होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अगर आपत्ति के बावजूद पति या पत्नी ऐसी चीजें जारी रखते हैं, तो यह दूसरे साथी के लिए मानसिक क्रूरता का कारण बनेगा। जानकारी के मुताबिक इन पति-पत्नी की शादी साल 2018 में हुई थी। पति आंशिक रूप से बहरा है और शादी से पहले पत्नी को इस बात का पता चल गया था। हालांकि, पति का आरोप है कि शादी के तुरंत बाद ही पत्नी उसकी मां के साथ गलत तरीके से पेश आने लगी औ शादी के डेढ़ महीने बाद ही उसने ससुराल छोड़ दिया। पति ने ये भी आरोप लगाया कि पत्नी शादी के बाद भी अपने पुराने प्रेमियों से बात करती थी और ये चैट अश्लील थी। वहीं पत्नी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पति ने ही उनका फोन हैक करके ये मैसेज दूसरे लोगों को भेजा ताकी उसके खिलाफ सबूत जुटा सके। उसने कहा कि उसके पति ने उसकी निजता के अधिकार का उल्लंघन किया है। इसके अलावा उसने पति पर मारपीट करने और 25 लाख रुपये दहेज मांगने का भी आरोप लगाया।

## रीवा में तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर पुल से नीचे गिरी, 3 की मौत

**संवाददाता ● रीवा**

**हादसा**

रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अगडाल में होली के दिन दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां पर एक तेज रफ्तार कार पुल से नीचे गिर गई जिसके चलते कार सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसका इंजन निकलकर दूर जा गिरा। कार सवार सभी युवक ग्राम गंभीरपुर ग्राम पंचायत गढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। यह घटना होली के दिन शुक्रवार की दोपहर गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर



अगडाल गांव के पास हुई है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार कटरा की ओर से गढ़ की तरफ जा रही थी। कार की रफ्तार तेज थी और उसी के चलते कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर को तोड़ती हुई पुल से नीचे जा गिरी और यह हादसा हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए हैं और उसका इंजन निकलकर दूर जा गिरा। इस हादसे के चलते कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है।हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इस घटना की सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवकों के शवों को गाड़ी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार में सवार तीनों युवक ग्राम गंभीरपुर ग्राम पंचायत गढ़ के रहने वाले थे। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है और हादसे के पीछे की वजह पता लगाने में जुटी हुई है।

### अप्रैल-मई में 20 दिन चलेगी हीट वेव

# मार्च के आखिरी 15 दिन अप्रैल जैसी गर्मी, 4 दिन लू का अलर्ट

**अप्रैल-मई में 20 दिन हीट वेव चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अबकी बार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल सबसे ज्यादा तपेगा।**

**संवाददाता ● भोपाल**

**तपन**

मध्यप्रदेश में मार्च के आखिरी 15 दिनों में अप्रैल जैसी गर्मी पड़ेगी। ज्यादातर शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। 4 दिन तक लू चलने का भी अलर्ट है। वहीं, अप्रैल-मई में 20 दिन हीट वेव चलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अबकी बार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल सबसे ज्यादा तपेगा। मार्च के पहले पखवाड़े में प्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला। पहले सप्ताह में तेज ठंड पड़ी और भोपाल समेत कई शहरों में रात के टेम्परेचर ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तो इसके बाद गर्मी का असर बढ़ गया। होली के दिन भी गर्मी का असर देखा गया।

**अब ऐसा रहेगा मौसम**

- मौसम विभाग भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, मार्च में बारिश के सामान्य से कम होने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। प्रदेश में मार्च से ही हीट वेव यानी लू भी चलेगी।
- वैज्ञानिक ने बताया- 15 मार्च के बाद जब शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंचेगा, तब गर्म हवा का असर देखने को मिलेगा। हालांकि, इससे पहले ही खजुराहो, नर्मदापुरम, रतलाम, मंडला समेत कई शहरों में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया।



**तब हीट वेव का असर**

मौसम विभाग के अनुसार, सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है। चूंकि, प्रदेश में अभी पारा 39 डिग्री तक आ चुका है।


**अप्रैल में ऐसा रहता है पारा**

यदि अप्रैल की गर्मी की बात करें तो इस महीने पारा 40 डिग्री के ऊपर ही रहता है। भोपाल में पिछले 10 साल में पारा 40.9 से 43.7 डिग्री तक पहुंच चुका है। इंदौर में यह 39.7 से 43.5 डिग्री तक, जबलपुर में 40.7 से 44.2 डिग्री तक, ग्वालियर में 41.7 से 45.2 डिग्री तक और उज्जैन में 40 से 43.9 डिग्री तक रहा है। इस बार मार्च में ही पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। हालांकि, मार्च में पहले भी तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। तब भी मार्च में ही लू चल चुकी है।

**अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा**

बता दें कि मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। अगले 4 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन तक हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है।

# 1000 करोड़ी फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू करेंगे अमिताभ



प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर कल्कि 2898 एडी ने बॉक्स ऑफिस 1000 करोड़ की तूफानी पारी खेली थी। इस फिल्म की रिलीज के बाद से ही फैन्स कल्कि 2 की अपडेट्स पर अपनी-अपनी निगाहें टिकाए बैठे हैं। अब अमिताभ बच्चन कल्कि 2898 एडी की डायस्टोपियन साइंस-फिक्शन दुनिया में एक्शन से भरपूर वापसी के लिए कमर कस रहे हैं। कल्कि 2 पर अब बड़ा अपडेट समाने आया है। जिसमें बताया गया है कि अमिताभ इस फिल्म की शूटिंग कब से शुरू करने वाले हैं। कल्कि के पहले पार्ट में अमिताभ बच्चन का काम प्रभास और दीपिका पादुकोण पर काफी भारी पड़ा था। हर किसी ने अमिताभ की तारीफ की थी। मिड-डे की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, दिग्गज एक्टर मई 2025 में मोस्ट अवेटेड सीक्वल, कल्कि 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। अश्वत्थामा के रूप में एक बार फिर से बिग बी वापसी करेंगे। इस फिल्म के जरिए सुपरस्टार के फैन्स को अलग एक्सपीरियंस मिलने वाला है। कल्कि 2 में एक शानदार कहानी और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे। फिल्म में प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण भी अपने दमदार किरदारों में नजर आएंगे। कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के 16वें सीजन को खत्म करने के बाद, अमिताभ बच्चन अब अपना ध्यान नाग अश्विन के डायरेक्शन में बन रही कल्कि 2 पर दे रहे हैं। रिपोर्ट की माने तो अमिताभ मई में शूटिंग शुरू करेंगे और उनका स्क्रीन टाइम बढ़ा दिया गया है। फिल्म की शूटिंग 15 जून तक जारी रहने की उम्मीद है। फिल्म के पहले पार्ट में बिग बी, जिन्होंने महाभारत से अमर अश्वत्थामा की भूमिका निभाई थी, कल्कि 2 में इस किरदार को और गहराई से निभाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार चूंकि बच्चन एक अमर प्राणी की भूमिका निभा रहे हैं, इसलिए उन्हें हथियारों के साथ अधिक एक्शन करते हुए भी देखा जाएगा। फिल्म के सीक्वल में भैरव/कर्ण (प्रभास) के साथ अश्वत्थामा की जर्नी पर फोकस किया जाएगा। दोनों मिलतक सुमति (दीपिका पादुकोण) के अजन्मे बच्चे को बचाने के लिए काम करते हैं।



## पहली फिल्म से ही बन गईं स्टार, देश-विदेश में कमाया नाम

ग्लोबल स्टार आलिया भट्ट ने अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद आलिया ने अपने स्टाइल और एक्टिंग के दम पर फिल्म इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया ने 19 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। उनकी डेब्यू फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' थी, जिसमें उन्होंने वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट काम किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई और इस फिल्म से तीनों की किस्मत चमक गई है। वहीं डेब्यू फिल्म के हिट होने के बाद आलिया भट्ट को कई बिग बजट फिल्मों के ऑफर मिलने लगे और आज वह अपने बेहतरीन के लिए दुनिया भर में मशहूर हैं। आलिया भट्ट ने हॉलीवुड डेब्यू गैल गैडोट, जेमी डोर्नन की फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' से किया था तो वहीं साउथ में आलिया ने एस.एस. राजामौली द्वारा निर्देशित तेलुगु पीरियड फिल्म 'आरआरआर' (2022) से धूम मचा दिया। एक्ट्रेस हर किरदार को इतने बेहतरीन तरीके से प्ले करती हैं कि लोग उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाते हैं। इतना ही अपने टैलेंट के दम पर वह भारत का नाम कई बार रोशन कर चुकी हैं। अब तक आलिया भट्ट को 60 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं। सबसे खास बात तो यह थी कि आलिया को साऊदी अरब में ऑनरेरी एंटरटेनमेंट मेकर्स अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। आलिया भट्ट ने कई बेहतरीन किरदारों से बड़े पर्दे पर धूम मचाई है, जिसकी लिस्ट काफी लंबी है। इनमें 'राजी' 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'डियर ज़िंदगी' जैसी फिल्में शामिल है। 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में आलिया ने गंगूबाई का किरदार निभाया था। इस रोल को एक्ट्रेस का सबसे दमदार किरदार माना जाता है। 'राजी' में एक कश्मीरी लड़की के रोल में सभी का दिल जीत लिया। इन्हीं में से एक 'डियर ज़िंदगी' है, जिसमें आलिया ने करियर-रिलेशनशिप से परेशान एक लड़की का रोल प्ले किया था।

# ऐश्वर्या राय से होती थी दीया मिर्जा की तुलना

दीया मिर्जा ने फिल्म रहना है तेरे दिल में (2001) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन इससे दीया को काफी फेम मिला। इतना ही नहीं, उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से भी होने लगी थी। अब हाल ही में दीया ने इस तुलना पर अपना रिएक्शन दिया है। दीया मिर्जा ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, तब अक्सर मेरी तुलना ब्यूटी क्वीन के साथ की जाती थी, खासकर ऐश्वर्या राय के साथ। उस समय मेरी उम्र सिर्फ 19 साल थी और ऐसी तुलना मेरे लिए किसी तारीफ से कम नहीं थी। लेकिन कभी-कभी यह बहुत खतरनाक भी साबित हो जाती थी।' दीया की मानें तो ऐश्वर्या राय से तुलना के बाद उनसे भी कुछ उम्मीदें लगाई गई थीं, जैसे वह भी उनकी तरह ही खूबसूरत बनें।

# 'पुष्पा' एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का स्ट्रगल

## एक्ट्रेस बोलीं- हाथ जलते, पेट दर्द से तड़पती



पैन इंडिया स्टार बनीं रश्मिका मंदाना का सफर आसान नहीं था। किरिक पार्टी से डेब्यू के बाद उन्होंने डबल शिफ्ट्स, स्क्रीन टेस्ट और रिजेक्शन झेले, लेकिन हार नहीं मानी। पुष्पा की सफलता ने उन्हें हर घर में पहचान दिलाई। अब अपनी पहली सोलो फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' को लेकर उत्साहित रश्मिका ने बातचीत में अपने स्ट्रगल, स्टारडम और नए प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की। बहुत मुश्किल दौर था। ऐसा लगता था कि मैं पूरी ताकत से भाग रही हूं, लेकिन मंजिल नजर ही नहीं आ रही। दिन-रात मेहनत कर रही थी - डबल शिफ्ट्स, डायलॉग कोचिंग, स्क्रीन टेस्ट, रिजेक्शन। कई बार ऐसा हुआ कि शरीर ने जवाब दे दिया, लेकिन फिर भी सेट पर जाना पड़ा। हाथ जल जाते, कभी पेट दर्द से परेशान होती, फिर भी खुद को संभालना पड़ता। पर यही वो समय था जब मैंने खुद से वादा किया कि यह संघर्ष कभी बेकार नहीं जाएगा। जब भी निराश होती थी, खुद से कहती थी - 'अच्छे दिन आएंगे, बस चलते रहो।' यही सोच मेरी सबसे बड़ी ताकत बनी। मैं कभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होती। हर फिल्म के बाद सोचती हूं, 'अब इससे बेहतर क्या कर सकती हूं?' जब 'पुष्पा' की, तब लगा कि ये बेस्ट है, लेकिन अब सोचती हूं कि इससे आगे क्या? मैं अपनी सबसे बड़ी कॉम्पटीटर खुद हूं। मैं यह नहीं चाहती कि लोग मुझे किसी और से कंपेयर करें। मेरा फोकस हमेशा खुद को बेहतर बनाने पर रहता है। मेरे लिए स्टारडम से ज्यादा जरूरी यह है कि लोग मुझसे कनेक्ट महसूस करें। जब लोग आपकी सच्चाई से प्यार करने लगते हैं, तो सफलता और असफलता मायने नहीं रखती।

जब दिल्ली, पटना, मुंबई जैसे शहरों के लोग मुझे अपनाते हैं, तो यह मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि लगती है। मैं बस पलभर का स्टारडम नहीं चाहती, बल्कि ऐसा प्यार चाहती हूं जो लंबे समय तक बना रहे। जैसे कहते हैं न, 'घर की बेटी', मैं चाहती हूं कि लोग मुझे उसी तरह से अपनाएं।मैं लोगों के दिलों का हिस्सा बनना चाहती हूं, उनकी बातचीत में रहना चाहती हूं। यही वजह है कि मैं हर फिल्म में अपनी पूरी जान लगा देती हूं। अब जब लोग इतना प्यार देते हैं, तो लगता है कि मेरी मेहनत सही दिशा में जा रही है।इन सालों में मैंने बहुत कुछ सीखा और खुद को काफी इवॉल्व किया है। शुरुआती दिनों में मैं परफॉर्म तो कर रही थी, लेकिन खुद पर उतना भरोसा नहीं था। लोग कहते थे कि मैं स्क्रीन पर अच्छी लगती हूं, लेकिन मैं खुद अपने काम से संतुष्ट नहीं थी।

आज मुझे पता है कि जब मैं स्क्रीन पर आती हूं, तो लोग मुझ पर फोकस करते हैं। मेरे काम में अब एक आत्मविश्वास है, जो पहले नहीं था। यह मेरे लिए सबसे बड़ा बदलाव है और इसी पर मुझे गर्व भी है।'द गर्लफ्रेंड' मेरे लिए बहुत खास फिल्म है। यह एक अलग तरह की कहानी है, जिसमें इमोशन और ड्रामा है। मैंने इस फिल्म को अपने करियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी की तरह लिया है। इसे मैं अपनी 'बेबी फिल्म' मानती हूं, क्योंकि यहां सबकुछ मुझ पर टिका था। पूरी टीम ने दिल लगाकर मेहनत की है और मुझे यकीन है कि ऑडियंस को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी।

# जहीर इकबाल के बिना सोनाक्षी ने मनाई होली



पिछले साल जून में शादी के बंधन में बंधे सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल को अक्सर अपने अंतरधार्मिक विवाह को लेकर ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। जब भी कपल को कोई ट्रोल करता तो एक्ट्रेस बड़ी समझदारी से सटीक जवाब देकर नफरत करने वालों को चुप करा देती हैं। अब, शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी ने शादी के बाद अपनी पहली होली 2025 की तस्वीरें पोस्ट की हैं साथ ही उन ट्रोल्स को भी चुप करा दिया है, जिन्होंने तस्वीरों में उनके पति जहीर इकबाल की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए थे। शादी के बाद एक्ट्रेस ने पहली होली अकेले ही मनाई है, जिसके बाद वह ट्रोलिंग का शिकार हो गई।

सोनाक्षी सिन्हा ने अब मजाकिया अंदाज में नफरत करने वालों से रिलैक्स करने के लिए कहा, साथ ही यह भी बताया कि उन्होंने शादी के बाद अपनी पहली होली पति जहीर इकबाल के बिना क्यों मनाई। सोनाक्षी सिन्हा ने खूबसूरत तस्वीरों की सीरीज पोस्ट की है, जिसमें उनके चेहरे और हाथ होली के रंगों से सने हुए दिखाई दे रहे हैं। इन प्यारी तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी खुश लग रही हैं। अपने कैप्शन में उन्होंने प्रशंसकों को होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही ट्रोल्स को मुंह तोड़ जवाब देते हुए लिखा, 'होली है!!! रंग बरसाओ, खुशियां मनाओ!! हैप्पी होली मेरे दोस्तों, जटाधारा के शूट से।' सोनाक्षी ने अपने कैप्शन में आगे लिखा, 'कमेंट में थोड़ा आराम करो... @ iamzahero मुंबई में है और मैं शूट पर हूं इसलिए साथ में नहीं है... ठंडा पानी डालो सर पे।'

# स्वरा भास्कर से यूजर्स ने पूछा, 'फहद ने क्यों नहीं लगाया रंग?



बीते रोज स्वरा भास्कर ने परिवार के साथ होली खेली। उन्होंने इसकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। फोटो में स्वरा भास्कर, उनके पति फहद अहमद और उनकी बेटी राबिया भी नजर आ रहे थे। फोटो में देखा जा सकता था कि स्वरा और राबिया ने अपने चेहरे पर रंग लगाया हुआ था लेकिन फहद अहमद ने अपने चेहरे पर रंग नहीं लगाया था क्योंकि कि रमजान चल रहा है।

### स्वरा भास्कर से यूजर्स ने पूछे सवाल

इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने पूछा है कि फहद ने क्यों होली नहीं खेली है। एक यूजर ने लिखा है कि 'अरे पतिदेव ने रंग नहीं लगावाया?'। एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'अंध भक्त का सवाल, तुम्हारे पति ने रंग क्यों नहीं लगाया?' इस पर स्वरा भास्कर ने जवाब दिया है।

### स्वरा भास्कर ने तरीके से दिया जवाब

स्वरा भास्कर ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर यूजर्स के सवालों का जवाब दिया है। स्वरा ने लिखा है कि 'होली की शुभकामनाएं। आपको याद दिला दूं: यह मुम्किन कि हमारे त्योहार को लोग मनाएं। बिना किसी जबरदस्ती के उन्हें अपने त्योहार में शामिल होने दिया जाए।' स्वरा भास्कर अपने तीखे बयानों के लिए जानी जाती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। उन्हें अक्सर ऑनलाइन नफरत का सामना करना पड़ता है। हालांकि स्वरा अपनी आलोचनाओं का बहुत ही सधे तरीके से जवाब देती हैं।

### स्वरा और फवाद की अनोखी शादी

स्वरा भास्कर और फहद अहमद ने फरवरी 2023 में एक-दूसरे से शादी की थी। उसी साल उनकी एक बेटी हुई। शादी पर भी स्वरा को एक मुस्लिम से शादी करने के लिए ट्रोल किया गया था। फहद अहमद समाजवादी पार्टी के नेता हैं। जोड़े ने अपनी शादी पर हल्दी और मेहंदी के प्रोग्राम किए थे। इसके अलावा उन्होंने कव्वाली का प्रोग्राम भी कराया था। दोनों ने अपने बैकग्राउंड के हिसाब से ये प्रोग्राम किए थे। ऑनलाइन ट्रोल होने के बावजूद दोनों ने अपनी खुशियों के लम्हों को सोशल मीडिया पर शेयर किया था।

दैनिक अदित्य भारत सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार 16 मार्च 2025
www.adityabharat.com



## न्यूज कॉलम

### बालाजी राइस मिल में लगी भीषण आग

**महासमुंद।** बागबाहरा के बिहाझर स्थित बालाजी राइस मिल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग मिल में खड़े दो ट्रैक्टर ट्रॉली में रखे भूसे और धान के स्टॉक तक फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और बागबाहरा पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिशों में जुट गई है।शुरूआती जानकारी के अनुसार, खेत में पलारी जलाने के दौरान उठी चिंगारी हवा में उड़कर राइस मिल में रखे भूसे पर गिर गई, जिससे आग भड़क उठी।

### स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी, 2 युवकों की मौत, दो घायल

**जगदलपुर।** होली खेलकर नहाने जा रहे दोस्तों की कार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई. तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन भानपुरी लोहंडीगुड़ा मार्ग में अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 2 युवक घायल हुए हैं. घायलों को लोहंडीगुड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया भर्ती. जानकारी के मुताबिक, पूरी घटना लोहंडीगुड़ा थाना के घोटिया चौकी क्षेत्र की है. एसयूवी में सवार 9 दोस्त मस्ती के माहौल में होली खेलकर नहाने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान भानपुरी लोहंडीगुड़ा मार्ग में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई. दर्दनाक हादसे में 2 की मौत हुई, जबकि 2 घायल हुए हैं. 1 की हालात गंभीर बताई जा रही है, जिसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है. पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्वाई में जुट गई है।

### गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भवती महिला का गर्भपात



**बिलासपुर।** सिम्स में पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती पांच माह की गर्भवती का गर्भपात हो गया. परिजनों ने इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए गलत इंजेक्शन लगाने से गर्भपात की बात कही है. प्रसूता कोटा करगीखुर्द की रहने वाली है. इधर सिम्स प्रबंधन ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है.
जानकारी के मुताबिक, कोटा क्षेत्र के करगी खुर्द में रहने वाली गिरजा साहू 5 माह से गर्भवती थी. पेट दर्द के साथ ब्लीडिंग होने की शिकायत पर उसे कोटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बिलासपुर के मेडिकल कॉलेज सिम्स रेफर कर दिया गया.परिजनों का आरोप है कि सिम्स में इलाज के दौरान उसे दूसरी महिला का इंजेक्शन लगा दिया गया, जिसकी वजह से उसका गर्भपात हो गया. घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत सिम्स प्रबंधन से की है. सिम्स के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. लखन सिंह ने इलाज में लापरवाही की बात को खारिज करते हुए मामले की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

# सीएम साय, डिप्टी सीएम, पूर्व सीएम समेत अन्य नेताओं ने दी होली की शुभकामनाएं

संवाददाता ● रायपुर

प्रदेशभर में होली का उल्लास छाया हुआ है. बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों के इस पावन पर्व में गुलाल और अबीर से सराबोर नजर आ रहे हैं. इस उत्साह में जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं हैं और उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और अपने संदेश साझा किए हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्री ओपी चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत सहित कई नेताओं ने होली की बधाइयां दीं और लोगों से सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृहग्राम बगिया में होली का पर्व धूमधाम से मनाया. उन्होंने ट्वीट कर लिखा ह्यगृहग्राम बगिया में होली की धूम है. क्षेत्र से आए लोगों से आत्मीय मुलाकात की एवं रंग-गुलाल लगाकर प्रेम और उमंग के पावन पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सीएम साय ने ग्राम टाटीडांड में सपत्नी भगवान राधाकृष्ण की





पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की. इसके बाद दुर्गा देवी संत समाज द्वारा आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए और वहां मौजूद लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर स्व. गुरु जी धनपति पंडा के पुत्र सहदेव पंडा और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे.

गृहग्राम बगिया में होली की धूम है।

क्षेत्र से आए लोगों से आत्मीय मुलाकात की एवं रंग-गुलाल लगाकर प्रेम और उमंग के पावन पर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक्स पर कहा कि सभी प्रदेश और देशवासियों को रंगों से भरी, खुशियों से सजी, प्रेम और

## रंगों में डूबा छत्तीसगढ

उल्लास से ओतप्रोत होली की अनंत शुभकामनाएं! रंगों का यह पावन त्योहार आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सौहार्द के नए रंग भरे. प्रेम और भाईचारे की फुहार हर घर में बहती रहे. होलिका दहन कर बुराइयों का अंत करें.सभी प्रदेश और देशवासियों को रंगों से भरी, खुशियों से सजी, प्रेम और उल्लास से ओतप्रोत होली की अनंत शुभकामनाएँ! रंगों का यह पावन त्योहार आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सौहार्द के नए रंग भरे। प्रेम और भाईचारे की फुहार हर घर में बहती रहे। डिप्टी सीएम अरुण साव ने एक्स पोस्ट कर कहा, प्रेम और सौहार्द की भावनाओं को विविध रंगों में अभिव्यक्त करने वाले पर्व होली की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. वहीं डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने अपने संदेश में लिखा, रंग, उमंग, प्रेम, उल्लास और सामाजिक समरसता के महापर्व होली की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! आप सभी का जीवन खुशियों के विविध रंगों से परिपूर्ण हो, समाज सुख, शांति और सद्भावना के आत्मीय रंगों से सराबोर हो, यही कामना है।



## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने खेली होली

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घर वालों के साथ होली खेलते हुए तस्वीर साझा कर लिखा, ह्यहोली के रंग, अपनों के संग. उत्साह, उमंग और रंगों के त्यौहार ह्यहोलीह्ण की सभी देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. रंगोत्सव का यह त्यौहार आप सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरे, ऐसी कामना करता हूं.विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा, रंगोत्सव के पावन पर्व होली की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं. यह रंगों का उत्सव हमें सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश देता है. आइए, इस होली को सद्भाव, सम्मान और उल्लास के साथ मनाएँ. सुरक्षित, स्वच्छ और आनंदमयी होली खेलें.

## मंत्री ओपी चौधरी, पीसीसी चीफ बैज और नेता प्रतिपक्ष ने दी शुभकामनाएं

मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ स्थित निवास कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया और लोगों के साथ गुलाल लगाकर होली का जश्न मनाया. उन्होंने ट्वीट कर लिखा, रंगों का ये प्यारा त्योहार, लाए जीवन में बहार. होली मिलन, निवास कार्यालय, रायगढ़. आज रायगढ़ निवास कार्यालय में प्रियजनों के साथ रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर प्रेम, उल्लास और स्नेह के रंगों से सराबोर माहौल. आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनायें। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने ट्वीट कर लिखा, रंगों के उत्सव होली की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! यह पावन पर्व आपके जीवन में प्रेम, उल्लास और सौहार्द के रंग भर दे. मंगलमय होली! नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने ट्वीट कर प्रदेशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा, ह्यरंग, उमंग, प्रेम, उल्लास और सामाजिक समरसता के महापर्व होली की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं. ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सभी का जीवन खुशियों के विविध रंगों से परिपूर्ण हो, और सुख, शांति और सद्भावना के आत्मीय रंगों से सराबोर हो।



## होली के रंग में रंगे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू: पहले खुद बजाय नगाड़ा, फिर फाग गीतों पर जमकर झूमे



**लोरमी।** रंगों का त्योहार होली पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रदेश में भी लोग उत्साह के साथ रंग-गुलाल में सराबोर होकर एक-दूसरे से गले मिलते हुए पर्व की बधाइयां देते नजर आ रहे हैं। मुंगेली जिले के लोरमी स्थित अपने गृहग्राम डिंडौरी में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने पारंपरिक अंदाज में होली का जश्न मनाया।बता दें कि त्योहार की मस्ती में सराबोर मंत्री साहू ने फाग गीत टोली के साथ मिलकर जमकर नृत्य किया और खुद नगाड़ा बजाते नजर आए। उनके इस अनोखे अंदाज की अब हर ओर चर्चा हो रही है। गांव के लोगों ने भी उत्साहपूर्वक उनके साथ होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। तोखन साहू ने इस दौरान देशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ह्लयह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रतीक है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि ह्लहम अपने पूर्वजों की परंपराओं को निभाते हुए नगाड़े की धुन पर होली मना रहे हैं, और यह त्योहार हमें एकता और सौहार्द का संदेश देता है।ह्व लोरमी सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते दिखे और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। इस रंगीन माहौल ने होली की खुशियों को और भी खास बना दिया।

## कार और बाइक में भिड़ंत, तीन दोस्तों की मौत, गांव में पसरा मातम



संवाददाता ● कोरबा

सड़क हादसे में तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत होने से इलाके में मातम पसर गया है. जानकारी के मुताबिक, तीनों दोस्त बाइक में सवार होकर जा रहे थे, तभी कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई. इस हादसे में मौके पर ही बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई. यह घटना जटगा चौकी के खोडरी के पास की है.हादसे के बाद घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गई. हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. मृतक की पहचान आदित्य निर्मलकर, सूरज कंवर और तीसरा साथी तीनों दोस्त के रूप में हुई है. सभी मृतक जटगा चौकी अंतर्गत ग्राम बरबसपुर स्कूल बस्ती के रहने वाले थे. पुलिस मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच में जुटी है.

## प्लांट और सुरक्षा बलों की रेकी करने वाले 2 नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है. सुकमा जिले में सक्रीय तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं ढछ्रऋ बटालियन नंबर 1 का सप्लायर और एक अन्य नक्सली को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है. इनमें से एक का नाम मुचाकी सुरेश है, जो तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं PLGA बटालियन नंबर 1 के नक्सलियों के लिये राशन और दैनिक उपयोगी सामाग्रियों का सप्लाई का कार्य करता था. जिला पुलिस बल जगरगुण्डा एवं 165 वाहिनी सीआरपीएफ ने मुचाकी सुरेश सहित 2 नक्सलियों को धर दबोचा है. जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दोनों नक्सली सीमावर्ती जिला बीजापुर के निवासी हैं. दोनों सुरक्षा बलों के गतिविधियों पर रेकी कर नक्सलियों को सूचना देना, सुरक्षा बलों के आने-जाने वाले मार्गो पर आईईडी, स्पाईक लगाने, मार्गो को खोदकर अवरूद्ध करना आदि घटनाओं में शामिल रहे हैं.



## होली खेलने के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट

**रायपुर.** राजधानी रायपुर स्थित होटल कोर्टयार्ट मैरिएट में बीते दिन होली के जश्न के बीच युवाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई. होटल कोर्टयार्ड में होली की शाम 4 बजे 2 गुटों के आधा दर्जन से अधिक युवक मौजूद थे. इनमें मोवा-पंडरी गुरूद्वारा के पास रहने वाले तुषार कुंदनानी,यश, भरत धनेचा,दिनेश, मोहित और अमर सचदेव शामिल हैं. इन युवकों में जबरदस्ती रंग लगाने के चलते विवाद खड़ा हुआ और विवाद इतना बढ़ा कि वे मारपीट पर उतर आए. मारपीट के बाद तुषार ने तेलीबांधा पुलिस थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है.तुषार ने भरत, मोहित, अमर और दिनेश के खिलाफ अपनी शिकायत में बताया कि वे सभी होली का जश्न मनाने के लिए होटल कोर्टयार्ड पहुंचे थे. इसी दौरान रंग लगाने पर इन चारो ने तुषार और यश को अपशब्द कहे और फिर पाइप से हमला कर दिया.तेलीबाँधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मामले में पुलिस ने धारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत एफआईआर कर दी है. दोनों पक्षों का बयान लेकर वैधानिक कार्रवाई की बात कही है.



## बीजापुर-सुकमा के सक्रिय माओवादियों ने तेलंगाना में किया सरेंडर, 16 महिला सहित 64 नक्सलियों ने डाला हथियार

000

संवाददाता ● रायपुर

छत्तीसगढ़ के 64 नक्सलियों ने आज तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है. ये नक्सली बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों के अलग-अलग बटालियन के सदस्य थे. आत्मसमर्पित नक्सलियों में से 16 महिलाएं हैं. इन सभी माओवादियों ने आज एक साथ समाज के मुख्यमार्ग पर लौटने का फैसला किया है. सभी ने पुलिस मुख्यालय में ऑपरेशन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मल्टी जोन-1 आईजीपी चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है.बता दें, माओवादी पार्टी के नाम पर, आदिवासी क्षेत्रों के विकास को रोकने की कोशिश की जाती



है. इससे तंग आकर बीते 3 महीनों में 122 माओवादी सदस्यों ने आत्मसमर्पण किया है. डवीसीएम, एसीएम, मिलीशिया सदस्य, पार्टी सदस्य, पीपीसीएम की 16 महिलाओं सहित कुल 64 नक्सलियों ने आज सामाज से जुड़ कर विकास में सहयोग देने के उद्देश्य से आत्मसमर्पण किया है. इनके पुनर्वास के लिये सरकार ने राज्यों में पुनर्वास योजना के तहत उन्हें नई जिंदगी जीने का एक मौका देती है. तेलंगाना पुलिस ने आज आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 25- 25 हजार रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दी है. इस दौरान रेंज आईजी चंद्रशेखर रेड्डी , एसपी रोहित राज, अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे.



## होली पर ढाबा में बेच रहा था शराब, पुलिस ने संचालक को किया गिरफ्तार

**जगदलपुर.** सोनारपाल स्थित ढाबा में होली पर अवैध शराब की बिक्री करने वाले संचालक रंजित गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 2.5 लाख की अवैध शराब जब्त को किया गया है. साथ ही एक एसयूवी कार भी बरामद की गई है।

आरोपी दूसरे राज्य से शराब लाकर अलग-अलग जगह गोदाम में डंप का रहा था. मामला भानपुरी थाना क्षेत्र का है. इसकी सूचना पर पुलिस ने ढाबा और गोदाम पहुंचकर तलाशी ली. जहां से पुलिस को उड़ीसा और मध्यप्रदेश निर्मित लाखों रुपए की अवैध शराब बरमाद किया है. कार्रवाई में कुल 528.500 लीटर अवैध शराब को जप्त कर लिया गया है, जिसकी कीमत 2,70,790 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालक रंजीत गुप्ता के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. मामले में पुलि फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकजेस के आधार पर करवाई की जा रही है।



प्रयागराज के लोकनाथ चौराहे पर 'कपड़फाड़ होली' में भाग लेते हुए भक्त नृत्य करते हुए।

## शॉर्ट न्यूज

### तीन साल में पहली बार दिल्ली का AQI 'संतोषजनक'

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। शनिवार को दिल्ली का औसत AQI 85 रहा, जो 1 जनवरी से 15 मार्च की अवधि के लिए पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के अनुसार, यह पहली बार है जब दिल्ली का AQI इस वर्ष 'संतोषजनक' श्रेणी में आया है। 'संतोषजनक' श्रेणी में AQI 50 से 100 के बीच रहता है। आयोग ने कहा, "आज, दिल्ली ने 85 का औसत AQI दर्ज किया, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे कम है। साथ ही, यह इस साल का पहला दिन है जब AQI संतोषजनक श्रेणी में आया है। मार्च महीने में दिल्ली में 'संतोषजनक' AQI दर्ज होने का यह पहला मौका है, जो 2020 के बाद देखने को मिला है। जहां एक ओर दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है, वहीं देश के अन्य हिस्सों में गर्मी बढ़ रही है।

### कश्मीर पर बड़बड़ाने से नहीं बदलेगी हकीकत

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान की 'कट्टर मानसिकता' की निंदा करते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश (P. Harish) ने इस्लामाबाद से कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर को लेकर राग अलापने से सीमा पार आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या इस क्षेत्र के भारत का अभिन्न अंग होने की वास्तविकता को नहीं बदला जा सकता। वे शुक्रवार को पाकिस्तान की पूर्व विदेश सचिव तहमीना जंजुआ द्वारा इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए महासभा की एक अनौपचारिक बैठक के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। हरीश ने कहा, "जैसा कि उनकी आदत है, पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव ने आज भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का अनुचित संदर्भ दिया है।और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर उनकी प्रैक्टिस को उचित ठहराया जा सकेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर तैयार हुआ मसौदा

# अमेरिका में अब पाकिस्तानियों की 'नो एंट्री'

### लिस्ट में कुल 43 देशों के नाम शामिल

**एजेंसी ● वाशिंगटन डीसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में पाकिस्तानियों की एंट्री पर बैन लगा दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार अब पाकिस्तान के लोगों को अमेरिका का वीजा नहीं दिया जाएगा। ट्रंप ने 43 देशों पर इस तरह का प्रतिबंध लगाया है। इसमें 11 देश रेड लिस्ट में, 10 राष्ट्र ओरेंज लिस्ट में और 22 देश येलो लिस्ट में रखे गए हैं। इस प्रकार ट्रंप ने नए यात्रा प्रतिबंध के लिए मसौदा सूची में 43 देशों को टारगेट किया है।

**सख्ती**

ट्रंप प्रशासन के अंदर प्रसारित एक मसौदे में तीन स्तर के देशों की सूची दी गई है, जिनके नागरिकों को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। मामले से परिचित अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प प्रशासन संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर नए प्रतिबंध के तहत 43 देशों के नागरिकों को लक्षित करने पर विचार कर रहा है, जो राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान लगाए गए प्रतिबंधों से अधिक व्यापक होगा।

**लागू होंगी ये शर्तें** – राजनयिक और सुरक्षा अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सिफारिशों की एक मसौदा सूची में 11 देशों की "लाल" सूची का सुझाव दिया गया है, जिनके नागरिकों को संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने से पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। जबकि ओरेंज लिस्ट वाले देशों के सिर्फ अमीर और व्यापारी लोगों को एंट्री की अनुमति शर्तों के साथ दी जाएगी। वहीं येलो लिस्ट में शामिल देशों को यात्रा की अनुमति तब दी जाएगी, जब अमेरिकी चिंताओं को वह देश 60 दिन के भीतर समाधान कर देंगे।



#### रेड लिस्ट वाले देश

अधिकारियों ने कहा कि रेड लिस्ट में शामिल देश अफगानिस्तान, भूटान, क्यूबा, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, वेनेजुएला और यमन हैं। प्रस्तावित यात्रा प्रतिबंध वाले देशों की मसौदा सूची ट्रम्प प्रशासन के एक आंतरिक प्रस्ताव में दी गई है, जिनके नागरिकों को अमेरिका में प्रवेश करने पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है। कुछ देशों के अंतिम आदेश में बदलाव हो सकता है।

#### ओरेंज लिस्ट वाले देश

मसौदा सूची में 10 देशों को ओरेंज लिस्ट में रखा गया है। इन देशों के नागरिकों को वीजा नहीं जारी किया जाएगा। इनमें पाकिस्तान, बेलारुस, इरीट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार, रुस, सिएरा लियोन, दक्षिण सूडान और तुर्कमेनिस्तान शामिल हैं। इन देशों के अमीर और व्यापारी वर्ग के लोगों को शर्तों के साथ अमेरिका में आने की अनुमति दी जाएगी। अन्य किसी तरह का वीजा जारी नहीं होगा।

**येलो लिस्ट वाले देश** - इनमें 22 देश शामिल हैं। अंगोला, अण्टीगुआ और बारबूडा, बेनिन, बुर्किना फासो, कंबोडिया, कैमरुन, केप वर्ड, काग़ज़ का टुकड़ा, कांगो गणराज्य, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, डोमिनिका, इक्वेटोरियल गिनी, गाम्बिया, लाइबेरिया, मलावी, माली, मॉरिटानिया, सेंट किट्स और नेविस सेंट लूसिया, साओ टोमे और प्रिंसिपे वानुअतु, ज़िम्बाब्वे शामिल हैं। इन देशों के लोगों को प्रवेश की अनुमति तब दी जाएगी जब वह 60 दिनों के भीतर अमेरिकी चिंताओं का समाधान कर देंगे।

**बदल सकती है सूची** - नाम गुप्त रखने की शर्त पर संवेदनशील आंतरिक विचार-विमर्श पर चर्चा करने वाले अधिकारियों ने आगाह किया कि यह सूची विदेश विभाग द्वारा कई सप्ताह पहले तैयार की गई थी तथा व्हाइट हाउस पहुंचने तक इसमें परिवर्तन होने की संभावना थी। दूतावासों और विदेश विभाग के क्षेत्रीय ब्यूरो के अधिकारी तथा अन्य विभागों और खुफिया एजेंसियों के सुरक्षा विशेषज्ञ इस मसौदे की समीक्षा कर रहे हैं।

ट्रेन हाइजैक : बीएलए का बड़ा दावा

## हमने पाकिस्तान के 214 सैन्य बंधकों को मार डाला

**एजेंसी ● क्वेटा**

पाकिस्तानी यात्री ट्रेन का अपहरण करने वाले बलूच विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने सभी 214 सैन्य बंधकों को मार डाला है, क्योंकि बलूच राजनीतिक कैदियों को रिहा करने के लिए सौदे के लिए उनकी 48 घंटे की समय सीमा समाप्त हो गई थी। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तानी सेना के इस दावे को खारिज कर दिया कि बंधकों को रिहा करवा लिया गया है। बुधवार को, विद्रोहियों ने सरकार को बलूच राजनीतिक कैदियों और कार्यकर्ताओं को रिहा करने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।

दरअसल बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग करने वाले अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी ने मंगलवार को रेलवे ट्रैक उड़ाने के बाद पेशावर जाने वाली



जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया था। उस समय ट्रेन में 400 से ज्यादा लोग मौजूद थे। ट्रेन को कब्जे में लेने के बाद बीएलए के विद्रोहियों ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को जाने दिया था। बीएलए ने एक बयान में कहा, "पाकिस्तान ने अपनी पारंपरिक जिद और सैन्य अहंकार का प्रदर्शन करते हुए न केवल गंभीर वार्ता से परहेज किया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने शहबाज शरीफ से लेकर मुनीर की सेना तक को बड़ा दर्द दिया है। माना जा रहा है कि जाफर एक्सप्रेस पर बीएलए के हमले के लिए पाकिस्तान अब बदला लेने के मूड में है।

नया विवाद : G7 देश चीन पर सख्त, ताइवान पर जबरदस्ती की निंदा

## 'वन चाइना' नीति से किनारा, ड्रैगन ने दी चेतावनी

**एजेंसी ● वाशिंगटन डीसी**

जी-7 देशों ने हाल ही में अपने बयान में 'एक चीन' नीति के संदर्भ को हटाकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस कदम की चीन ने कड़ी निंदा की है और इसे अपनी संप्रभुता के लिए खतरा करार दिया है। बीजिंग ने जी-7 के इस फैसले को अहंकारी और दोहरे मापदंड* वाला कदम बताया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया है। जी-7 (ग्रुप ऑफ सेवन) सात प्रमुख विकसित देशों का एक समूह है, जो वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नियमित रूप से मिलते हैं। ये देश अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के लिए जाने जाते हैं। इनमें अमेरिका, जापान, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और कनाडा शामिल हैं।

**विवाद**

शनिवार को जारी रिपोर्ट्स के अनुसार, जी-7 ने अपने ताइवान से संबंधित बयान से 'एक चीन' नीति का उल्लेख हटा दिया, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने का आधार रही है। इस नीति के तहत अमेरिका समेत कई देश आधिकारिक तौर पर ताइवान को चीन का हिस्सा मानते हैं, हालांकि वे इसके साथ अनौपचारिक संबंध बनाए रखते हैं। जी-7 के इस बदलाव को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह पश्चिमी देशों की ओर से चीन के प्रति सख्त रुख को दर्शाता है। जी-7 के विदेश मंत्रियों के इस संयुक्त बयान में चीन द्वारा ताइवान पर की जा रही जबरदस्ती* की निंदा की गई, जो फरवरी में जापान-अमेरिका के एक संयुक्त बयान के अनुरूप है। ताइवान खुद को स्वतंत्र राष्ट्र मानता है लेकिन चीन उसे अपना हिस्सा बताता है।




#### चीन के परमाणु विस्तार पर जताई चिंता

इस बयान में जी7 सदस्यों ने चीन के परमाणु हथियारों के बढ़ते जखीरे को लेकर चिंता जताई। हालांकि पिछले नवंबर में जारी बयान की तुलना में इस बार शिनजियांग, तिब्बत और हांगकांग में मानवाधिकार हनन के मुद्दे को शामिल नहीं किया गया। इसके अलावा, पिछले बयानों में शामिल वे पंक्तियां भी हटा दी गईं जिनमें चीन के साथ «रचनात्मक और स्थिर संबंधों» की इच्छा जताई गई थी। साथ ही, "सीधे और स्पष्ट संवाद के जरिए मतभेदों को हल करने» जैसी बातों का भी इस बार के बयान में उल्लेख नहीं किया गया।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)